RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-286 जयपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 मूल्य-4 रूपये

### विपक्ष महिला आरक्षण के साथ, परिसीमन के खिलाफ, बिल पर आज चर्चा होगी

## खड़गे ने कहा- लोकसभा की सीटें बढ़ाने के खिलाफ वोट करेंगे

नई दिल्ली

संसद के विशेष तीन दिवसीय बैठक से पहले महिला आरक्षण कानून और संसदीय सीटों के विस्तार को लेकर विपक्षी इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक की। इस बैठक में महिला आरक्षण कानून के क्रियान्वयन व सीटों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर रणनीति तय की। बैठक के बाद विपक्षी गठबंधन ने संयुक्त पत्रकार वार्ता करके इन विधेयकों का विरोध करने का ऐलान किया।

बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, जयराम रमेश, सैयद नसीर हुसैन, राष्ट्रीय जनता दल से तेजस्वी यादव, आम आदमी पार्टी से संजय सिंह, शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) से सुप्रिया सुले, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) से टीआर बालू, तृणमूल कांग्रेस से सागरिका घोष, समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद रहे।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के बाद कहा कि विपक्षी दल महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन जिस तरीके से सरकार ने इसे पेश किया है, वह राजनीतिक रूप से प्रेरित है और विपक्षी दलों को दबाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि 2010 और 2023 में महिला आरक्षण से जुड़ा संवैधानिक संशोधन सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था और अब इसे लागू किया जाना चाहिए। सरकार परिसीमन और जनगणना को बहाना बनाकर आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। उन्होंने कहा विपक्षी दल एकजुट होकर संसद में इस बिल का विरोध करेंगे, क्योंकि यह महिलाओं के अधिकारों को टालने की कोशिश है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा बैठक में तीन विधेयकों पर चर्चा हुई है। एक संविधान संशोधन और दो वैधानिक बिल। उन्होंने कहा 2023 में अनुच्छेद 334ए के तहत महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था, लेकिन सरकार ने इसे लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन की शर्तें जोड़ दीं। हमारी मांग थी यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ही लागू हो, लेकिन सरकार ने इसे टाल दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव प्रचार के बीच यह बिल लेकर आई है और महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ रही है। यह खतरनाक है क्योंकि इससे कई राज्यों का अनुपात घटेगा और छोटे राज्यों का प्रतिनिधित्व कम होगा। विपक्षी दल चाहते हैं कि मौजूदा लोकसभा की 543 सीटों के आधार पर महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण दिया जाए और यह 2029 के चुनाव से लागू हो। परिसीमन के प्रावधान को विपक्षी दल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेंगे।

### हर राज्य की मौजूदा 'लोकसभा सीट' संख्या में 50 फीसदी तक होगा इजाफा

*केंद्र सरकार ने परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी दलों की आलोचना के बीच स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है राज्यों में लोकसभा सीटों का इजाफा वर्तमान का 50 प्रतिशत होगा। विपक्षी दलों का कहना है जनसंख्या वृद्धि असमान होने के कारण राज्यों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिशत घट सकता है। खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों ने इसपर आपत्ति जतायी है जहां विपक्षी पार्टियों की सरकार है। इनके मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपना विरोध दर्ज कराया है। महिला आरक्षण लागू करने और लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या को बढ़ाने को लेकर सरकार कल से संसद की विशेष बैठक में विधेयक लाने जा रही है। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार नवीनतम जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार परिसीमन होगा। सूत्रों ने बताया कि सरकार का कहना है कि राज्यों को लोकसभा की सीट अनुपात पर आवंटित की जाएगी। हर राज्य की वर्तमान सीट संख्या में 50 प्रतिशत तक इजाफा होगा। इससे किसी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा।*

## लखनऊ अग्निकांड: 250 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख, पटाखों की तरह फूटे सिलेंडर



### आग बुझाने में लगीं 22 दमकल गाड़ियां, 10 किमी दूर तक दिखीं लपटें

लखनऊ

लखनऊ में बुधवार शाम साढ़े 5 बजे भीषण आग लग गई। विकासनगर इलाके में लगी इस आग से 30 से ज्यादा सिलेंडर फट गए। 250 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। करीब 10 किलोमीटर दूर तक आग की लपटें देखी गईं। आग लगने के बाद आसपास के करीब 20 मकानों को खाली करा लिया गया।

फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान इलाके की लाइट काट दी गई। एक युवक का कहना है कि उसके 4 बच्चों की जलकर मौत हो गई है। बाकी लोगों का सारा सामान जलकर राख हो गया। जिनकी झोपड़ियां जलीं, वो लोग रोते-बिलखते रहे। कुछ लोगों का आरोप है कि जानबूझकर आग लगाई गई है।

सीएम योगी ने आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अफसरों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से तेजी से बचाव कार्य करने के आदेश दिए।

विकास नगर इलाके में लगी आग का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। पीड़ित परिवारों के साथ सरकार खड़ी है। डिप्टी सीएम ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को बुलाया एवं घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने घटनास्थल पर ही जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, एनडीआरफ एवं अन्य अधिकारियों के साथ इस घटना में बचाव कार्यों को लेकर बात की।

## थोक महंगाई 38 महीने में सबसे ज्यादा, मार्च में 3.88% पर पहुंची

### रोजाना जरूरत का सामान और फ्यूल महंगा हुआ

नई दिल्ली

मार्च में थोक महंगाई बढ़कर 3.88% पर पहुंच गई है। फरवरी के यह 2.13% पर थी। यानी इसमें एक महीने के अंदर 1.75% की बढ़ोतरी हुई है। थोक महंगाई ने 38 महीने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। जनवरी 2023 में थोक महंगाई 4.73% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 अप्रैल को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.27% से बढ़कर 6.36% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई में कोई बदलाव नहीं है, ये 1.85% पर बनी हुई है।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 3.78% से बढ़कर 1.05% हो गई है।

मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंच गई है। इससे पहले फरवरी में यह 3.21% थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है।

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है।

## पश्चिम एशिया संकट: ईरान ने दी लाल सागर ठप करने की धमकी

### कहा- होर्मुज में नाकेबंदी जारी रही तो रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ में व्यापार रोकेंगे

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां से दुनिया या तो महाविनाश की ओर जाएगी या फिर एक ऐतिहासिक शांति समझौते की ओर। बुधवार को ईरान की सेना ने सीधी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर अमेरिका ने होर्मुज और उसके बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी, तो वह रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ (फारस की खाड़ी) में समुद्री व्यापार पूरी तरह रोक देगा।



ईरानी सेना के केंद्रीय कमांड सेंटर चीफ अली अब्दोल्लाही ने कहा कि अमेरिकी पाबंदियां और ईरानी जहाजों व तेल टैंकरों की सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिशें उकसावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा।

अमेरिका ने सोमवार से ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रखी है। यह कदम पाकिस्तान में हुई करीब 21 घंटे की अमेरिका-ईरान वार्ता के नाकाम रहने के बाद उठाया गया।

इस बीच पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर एक हाईलेवल डेलिगेशन के साथ तेहरान पहुंचे हैं। यह डेलिगेशन अमेरिका का संदेश लेकर आया है और अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत को लेकर चर्चा करेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दौर का समय अभी तय नहीं हुआ है।

अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (श्व) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी।

## अमरावती यौन उत्पीड़न के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

### दावा- 180 नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया, 350 वीडियो मिले

अमरावती

महाराष्ट्र में अमरावती जिले के परतवाड़ा में लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाया। जांच के लिए प्रशासन ने 46 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तनवीर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी लड़कियों को फंसाते थे, फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर अश्लील वीडियो बनाते थे। पुलिस ने इन चारों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। दावा है कि आरोपियों के पास 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनसे वह लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि अब तक किसी भी पीड़ित ने शिकायत के लिए सीधे संपर्क नहीं किया है। पुलिस ने पीड़ितों और उनके परिवारों से आगे आकर जांच में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही उनकी पहचान सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया है।

### सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## कोर्ट धार्मिक मान्यताओं पर फैसला नहीं दे सकता

नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मंदिर का प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कोर्ट का काम आस्था की सत्यता की जांच करना नहीं है। सिंघवी ने ये दलील सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान बेंच के समक्ष रखी। सिंघवी ने संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला देते हुए कहा कि धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं



बल्कि ये समान पहचान रखने वाले लोगों के समूह, संप्रदाय या पंथ की मान्यताओं व परंपराओं का समुच्चय है। उन्होंने कहा संविधान का अनुच्छेद 25 हर व्यक्ति को अपना धर्म मानने, पालन करने और प्रचार का अधिकार देता है लेकिन यह अधिकार इतना व्यापक नहीं हो सकता कि उसी धर्म या संप्रदाय के बाकी अनुयायियों के सामूहिक अधिकारों का हनन होने लगे।

सिंघवी ने कहा अनुच्छेद 25 में धार्मिक स्वतंत्रता की जो सीमाएं तय की हैं वे संविधान सभा में लंबी चर्चा के बाद तय की थीं। अगर कोर्ट इसके अलावा नई पाबंदियां जोड़ती है तो संविधान निर्माताओं द्वारा बनाया गया संतुलन गड़बड़ा जाएगा। अनुच्छेद 25 के अधिकारों को संविधान के अन्य मौलिक अधिकारों के साथ संतुलित तरीके से देखा जाना चाहिए न कि किसी एक अधिकार को इतना बड़ा नहीं माना जा सकता है कि दूसरा अधिकार पूरी तरह समाप्त हो जाए।

### जोधपुर सेंट्रल जेल में कचरे में मिला मोबाइल और दो सिम कार्ड

**जोधपुर।** जोधपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर मोबाइल मिला है। वार्ड 11 में बाथरूम के पीछे कचरे के ढेर में एक मोबाइल व दो सिमकार्ड मिले है।

जेल प्रशासन की तरफ से अज्ञात कैदी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया केंद्रीय कारागार उपाधीक्षक की तरफ से रिपोर्ट दी है। इसमें जेल में सर्च के दौरान वार्ड 11 स्थित एक शौचालय के पीछे कचरे के ढेर में मोबाइल और दो सिम कार्ड मिले। संभवतः कैदी ने उसे डाला होगा।

## सीबीएसई 10वीं के नतीजे घोषित, लड़कियां फिर आगे

### 94.99 प्रतिशत छात्राएं, 92.69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

नई दिल्ली

सीबीएसई ने बुधवार को कक्षा 10वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 93.70 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष के 93.66 प्रतिशत की तुलना में 0.04 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष 24,83,479 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 24,71,777 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 23,16,008 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम व विजयवाड़ा क्षेत्र 99.79 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रहे, जबकि चेन्नई (99.58 प्रतिशत) व बेंगलुरु (98.91 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पश्चिम और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का पास प्रतिशत क्रमशः 97.45 व 97.33 रहा। परिणाम में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों के मुकाबले बेहतर रहा। परिणामों के मुताबिक 94.99 प्रतिशत छात्राएं पास हुईं, जबकि 92.69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 87.50 रहा। इस वर्ष परीक्षा में 2,21,574 छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे ज़्यादा अंक हासिल किए। वहीं 55,368 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज़्यादा अंक प्राप्त किए। इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।




सीबीएसई ने बताया 1,47,172 छात्रों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो कुल उम्मीदवारों का 5.95 प्रतिशत है। इन छात्रों को परीक्षा के दूसरे चरण में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। पिछले वर्ष 5.96 प्रतिशत की तुलना में यह मामूली कमी है।

## सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने

### जेडीयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव डिप्टी सीएम, शपथ के बाद नीतीश के पैर छुए

पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली। शपथ ग्रहण समारोह पटना के लोकभवन के जर्मन हैंगर में सुबह 11 बजे आयोजित किया गया।

बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी ष्टरू बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।



मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

शपथ लेने से पहले सम्राट चौधरी ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं, मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इससे पहले नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। वे करीब 20 साल तक इस पद पर रहे और अब राज्यसभा सदस्य हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी, नीतीश-नितिन ने भी दी बधाई

सम्राट चौधरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सम्राट चौधरी जी को बहुत-बहुत बधाई और ढेरों शुभकामनाएं। उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में जनता-जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए बिहार चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जदयू कोटे से डिप्टी सीएम बने गए दोनों नेताओं को शुभकामना संदेश देते हुए लिखा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले विजय कुमार चौधरी जी और बिजेंद्र प्रसाद यादव जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा भरोसा है कि इनका जमीनी अनुभव और जनहित को लेकर प्रतिबद्धता बिहार के विकास को नई दिशा और गति देगी। इसके साथ ही राज्य सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नित-नए मानक स्थापित करेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में आपके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं।

## राजस्थान में पारा 41 डिग्री के ऊपर, लू का अलर्ट

### शहरों के तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी

जयपुर

सूरज की तपिश से अब राजस्थान की धरती तपने लगी है। चिलचिलाती धूप के चलते आमजन का दोपहर में घर से निकलना दूभर होने लगा है। प्रदेश के शहरों के अधिकतम तापमान में 4 व न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रदेश के 10 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। 17-18 अप्रेल को पश्चिम राजस्थान में हीटवेव को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के अनुसार 42.8 डिग्री के साथ बाड़मेर और 29 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।



बाड़मेर के अलावा पिलानी, फलौदी, कोटा, चित्तौडग़ढ़, जोधपुर, जैसलमेर, पाली, बीकानेर और चूरू का दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक व फलौदी के अलावा कोटा, जयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, डूंगरपुर, संगरिया व जालोर का रात का तापमान 25 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 17-18 अप्रेल को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री (सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक) दर्ज होने और कहीं-कहीं हीटवेव की संभावना है। राज्य में आगामी 4-5 दिन अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में और 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

जयपुर में गर्मी सूरज की तपिश झुलसाने लगी है। इससे दोपहर में मुश्किल होता जा रहा है। आगामी समय में जयपुर के पारे में और उछाल देखने को मिलेगा।

## जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में सुबह-सुबह लगे भूकंप के झटके, प्रशासन अलर्ट पर

श्रीनगर (एजेंसी)। देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि दोनों ही क्षेत्रों से अभी तक किसी भी प्रकार के जान-माल के बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। भूकंप की जानकारी मिलते ही संबंधित जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन इकाइयां तुरंत सक्रिय हो गईं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले की भदेरवाह घाटी और उसके आसपास के इलाकों में सुबह 4:55 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.9 दर्ज की गई है। डोडा जिले के लिए इस तरह की हलचलें चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि इससे पहले 12 अप्रैल को भी यहां 4.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप महसूस किया गया था, जिसका समय सुबह 04:32 बजे दर्ज हुआ था। इतना ही नहीं, मार्च की शुरुआत में भी क्षेत्र ने 4.2 तीव्रता के झटके झेले थे। लगातार आ रहे इन झटकों ने घाटी के लोगों को डरा दिया है। दूसरी ओर, उत्तराखंड के सीमावर्ती जिले पिथौरागढ़ में भी मंगलवार सुबह 7:07 बजे धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने स्थिति का जायजा लेने के लिए भूकंप केंद्र और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। गनीमत रही कि वहां भी स्थिति सामान्य है और संपत्तियों को कोई क्षति नहीं पहुंची है। भूकंप की यह सक्रियता केवल उत्तर भारत तक ही सीमित नहीं रही है। हाल ही में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र, विशेषकर हिंगोली जिले में भी 4.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। हिंगोली के जिलाधिकारी के अनुसार, पांगरा शिंदे गांव में कुछ घरों और सामुदायिक केंद्रों की दीवारों में दरारें देखी गई थीं। देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार आ रहे ये झटके भूकंपीय संवेदनशीलता को दर्शाते हैं, जिसके चलते प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।

## बीजेपी विधायक संजय गुप्ता सड़क हादसे में घायल, डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी

पटना (एजेंसी)। बीजेपी के कुम्हरार से विधायक संजय गुप्ता सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक संजय गुप्ता पश्चिम बंगाल में चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद सिलीगुड़ी से पटना लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना कितनी गंभीर थी, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि हादसे में उन्हें सीने में चोट लगी है। हादसे के तुरंत बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टरों द्वारा जांचें की जा रही हैं ताकि किसी अंदरूनी चोट की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इधर, घटना की खबर मिलते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में चिंता का माहौल है। पार्टी के कई नेता और करीबी अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जान रहे हैं। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## पटना में 78 हजार नशीले इंजेक्शन बरामद, चार गिरफ्तार, 7 पर मामला दर्ज

पटना (एजेंसी)। पटना में औषधि नियंत्रण प्रशासन ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को रानीगंज स्थित एक गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। अधिकारियों ने 39 कार्टन में रखे करीब 78 हजार नशीले इंजेक्शन बरामद किए। इसकी कीमत 27.30 लाख है। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक पिकअप वाहन से नशीले इंजेक्शन की बड़ी खेप शहर में लाई जा रही थी। सूचना मिलते ही टीम ने पिकअप वाहन को रोका और शुरुआती खेप बरामद की। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर रानीगंज इलाके के गोदाम पर छापेमारी की गई। सोमवार सुबह करीब 11 बजे गोदाम की तलाशी ली गई। इस दौरान भारी मात्रा में इंजेक्शन के कार्टन मिले। अधिकारियों के मुताबिक कुल 39 कार्टन में करीब 78 हजार इंजेक्शन थे, जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक औषधि नियंत्रण प्रशासन ने इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया है। जांच में पता चला है कि जब्त किए गए इंजेक्शन का उत्पादन नारोडियन फार्मासिस्ट नामक कंपनी ने किया था। इसकी मार्केटिंग क्विक फार्मा एजेंसी के जरिए की जा रही थी। दोनों कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने इसे जांच का अहम पहलू बताया।

## पुणे के रेस्क्यू फाउंडेशन से 13 बांग्लादेशी युवतियां फरार, केयरटेकर को बंधक बनाकर रची साजिश

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां हडपसर इलाके के मोहम्मदवाड़ी रोड पर स्थित रेस्क्यू फाउंडेशन से 13 बांग्लादेशी युवतियां केयरटेकर पर हमला कर फरार हो गईं। यह घटना 23 मार्च की है, लेकिन इसका खुलासा करीब 20 दिन बाद 12 अप्रैल को हुआ। फरार हुई इन सभी युवतियों को मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाया गया था और हाल ही में उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने के अदालती आदेश जारी हुए थे। पूरी वारदात संस्थान के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना वाले दिन सुबह करीब 6:30 बजे, जब परिसर में सफाई चल रही थी, एक युवती ने पेट दर्द का बहाना बनाया। जैसे ही केयरटेकर लक्ष्मी कांबले दवा लेकर कमरे में पहुंचीं, युवतियों ने उन पर हमला कर दिया। एक लड़की ने उन्हें पीछे से पकड़ा, जबकि अन्य ने उन्हें पीटा और उनके हाथ-पैर बांध दिए। केयरटेकर के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उन्हें कमरे में बंद कर दिया गया। सफाई कार्य के कारण उस समय मुख्य द्वार खुला रह गया था, जिसका लाभ उठाते हुए ये युवतियां बाहर की ओर भागीं। रास्ते में जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो युवतियों ने उसे भी नहीं बख्शा; उसे घसीटा गया और उसके हाथ पर दांत से काट लिया गया। इस अफरातफरी के बीच सभी 13 युवतियां परिसर से बाहर निकलने में कामयाब रहीं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और अब तक सैयद नगर व हडपसर इलाके से दो लड़कियों को बरामद कर लिया गया है, जबकि 11 अब भी लापता हैं।

# बंगाल चुनाव: विधानसभाओं में गूंज रहा हृदय माझे काबा और नयने मदीना...गाना

### -मुस्लिम वोटरों को लुभाने में जुटी टीएमसी, बीजेपी ने बताया तुष्टीकरण

**कोलकाता (एजेंसी)।** हृदय माझे काबा और नयने मदीना...यानी दिल में काबा और आंखों में मदीना...पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच यह गाना विधानसभाओं में गूंज रहा है। यह गीत टीएमसी की सभाओं में उसकी सांसद सायनी घोष गा रही हैं। इस गीते की रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है तो वहीं रैलियों में वह खुद पूरा गीत गाकर मुस्लिम वोटरों का भरोसा जीतने में जुटी हैं। वहीं बीजेपी का कहना है कि यह मुस्लिम तुष्टीकरण है।




बता दें सायनी घोष टीएमसी सांसद हैं और पेशे से अभिनेत्री भी हैं। उन्होंने कई बांग्ला फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। सायनी घोष ने बांग्ला टेलीफिल्म इच्चे दाना से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह 2021 में टीएमसी में आई थीं और फिर 2024 में जादवपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ी और जीत हासिल की। हालांकि इससे पहले 2021 में उन्हें आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव के बाद ही जून 2021 में उन्हें टीएमसी की यूथ विंग का अध्यक्ष बनाया था। उन्होंने अभिषेक बनर्जी की जगह ली थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की जगह उन्होंने यूथ टीएमसी की जिम्मेदारी संभाली थी। इससे समझा जा सकता है कि ममता की वह कितनी करीबी हैं। सायनी घोष का नाम विवादों में भी जुड़ता रहा है। कई बार उनके बयान चर्चा में रहे हैं तो वहीं एक घोटाले में भी उनका नाम आया था। कम उम्र में ही बड़ी राजनीतिक सफलता पाने वालीं सायनी घोष अब अपनी गाने की क्षमता का इस्तेमाल राजनीतिक मंच पर कर रही हैं। वहीं बीजेपी इसे मुस्लिम तुष्टीकरण बता रही है।


बीजेपी समर्थकों की ओर से कई रील शेयर किए गए हैं और लिखा जा रहा है कि आखिर एक सांसद कैसे मंच से इस तरह का गाना गा सकती है। सायनी घोष को बीजेपी पर तीखे हमलों के लिए जाना जाता है। हाल ही में उनका दिया एक नारा भी चर्चा में रहा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि बंगाल दिखाएगा- ममता की क्षमता। माना जा रहा है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में इस गाने के जरिए टीएमसी माहौल बनाना चाहती है।

## मुंबई में लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान ड्रग ओवरडोज से 2 छात्रों की मौत, एक युवती की हालत गंभीर

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के पश्चिमी उपनगर गोरेगांव में आयोजित एक लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान ड्रग्स के ओवरडोज से दो लोगों की मौत का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मृतकों में एक युवक और एक युवती शामिल हैं, जो दोनों उच्च शिक्षित एमबीए छात्र बताए जा रहे हैं। जबकि एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि मृतक दक्षिण मुंबई के एक प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों अपने 15 दोस्तों के समूह के साथ कॉन्सर्ट में शामिल हुए थे। जांच में सामने आया है कि दोनों छात्रों ने कॉन्सर्ट से पहले और उसके दौरान एक्स्टेसी टैबलेट्स का सेवन किया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को गोरेगांव इलाके में नेस्को एक्ज़ीबिशन सेंटर में आयोजित एक लेट-नाइट टेक्नो म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान यह घटना हुई। वहां एक बड़े स्तर पर लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 3 से 4 हजार युवक-युवतियां शामिल हुए थे। संगीत और पार्टी के माहौल में शराब के साथ-साथ ड्रग्स के इस्तेमाल की भी जानकारी सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवाओं ने कथित तौर पर अधिक मात्रा में ड्रग्स का सेवन कर लिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। दो युवतियों को तुरंत हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक युवक को लाइफ लाइन अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती युवक की मौत हो गई। वहीं ट्रॉमा केयर अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद दोनों युवतियों को आगे के इलाज के लिए निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां सोमवार दोपहर एक युवती ने दम तोड़ दिया। दूसरी युवती की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। इस मामले में वनराई पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है और पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही और सदोष मनुष्यवध का मामला दर्ज करते हुए आयोजक सनी जैन, अन्य इवेंट आयोजकों और मृत छात्रों के दो मित्र को आरोपी बनाया है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों के खून के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार के ड्रग्स का सेवन किया गया था।

## एयरपोर्ट पर सुरक्षा कतार लांघ गई अभिनेत्री करीना, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि मुंबई एयरपोर्ट का एक वीडियो है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में करीना कपूर सुरक्षा जांच (सिक्योरिटी चेक) के दौरान लंबी कतार को छोड़कर सीधे सिक्योरिटी गेट की ओर जाती दिख रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद इंटरनेट पर सेलिब्रिटी प्रिविलेज यानी मशहूर हस्तियों को मिलने वाले विशेषाधिकारों को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है।



वीडियो वायरल होते ही माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई उपयोगकर्ताओं ने करीना के इस व्यवहार पर नाराजगी जताई और इसे आम नागरिकों के साथ नाइंसाफी करार दिया। एक यूजर ने पोस्ट करते हुए लिखा कि करीना कपूर ने कतार तोड़कर सीधे गेट पर पहुंचकर नियमों का उल्लंघन किया है। यूजर ने सवाल उठाया कि सेलिब्रिटी को यह विशेषाधिकार किसने दिया, जबकि अन्य यात्रियों की उड़ानें भी उतनी ही जरूरी होती हैं। कुछ लोगों ने इसे अहंकार बताया और सरकारी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए।

हालांकि, बहस के बीच कई लोग करीना कपूर के बचाव में भी उतरे। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने स्पष्ट किया कि अधिकांश अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पेड वीआईपी सर्विस (सशुल्क वीआईपी सेवा) उपलब्ध होती है। इस सेवा के तहत कोई भी यात्री एक निश्चित शुल्क (जैसे 6,000 रुपये) देकर एक्सप्रेस सुरक्षा जांच और त्वरित क्लियरेंस की सुविधा प्राप्त कर सकता है। समर्थकों का तर्क है कि यह कोई फ्री कल्चर नहीं बल्कि एक वैध व्यवसायिक सेवा है, जिसे करीना ने संभवतः खरीदा होगा। कुछ उपयोगकर्ताओं ने यह भी कहा कि जब राजनेताओं या क्रिकेटरों को ऐसी सुविधाएं मिलती हैं, तब कोई विरोध नहीं होता, लेकिन एक अभिनेत्री के मामले में समानता की बात उठाना गलत है।

इस विवाद ने देश में कतार संस्कृति और सेलिब्रिटी सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ समर्थकों का मानना है कि सेलिब्रिटी अक्सर भीड़ और सुरक्षा कारणों से आम कतारों से बचते हैं। फिलहाल इस पूरे विवाद पर करीना कपूर खान की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यह घटना एक बार फिर भारत में सार्वजनिक स्थलों पर मिलने वाली विशेष सुविधाओं और आम जनता की उनके प्रति धारणा के बीच के बड़े अंतर को उजागर करती है।

# महिला आरक्षण विधेयक: कांग्रेस ने जारी किया निर्देश, सभी रहें विशेष सत्र में उपस्थित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण विधेयक में परिसीमन समेत अन्य सियासी मसाला लपेटने की कोशिश अगर चुनावी बेला में सरकार की तरफ से की जाएगी तो विपक्ष अपनी लामबंदी से घेरने को तैयार है। इसको ध्यान में रखते कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में अपने सभी सांसदों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इस व्हिप के तहत पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य 16, 17 और 18 अप्रैल (गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार) को सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और पार्टी के रुख के अनुसार मतदान करेंगे।



उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा से यूपीए सरकार के समय ही पारित हो गया था। लोकसभा में साथी दलों समेत अन्य दलों के विरोध के चलते पारित नहीं कराया जा सका था। राजद, सपा, जदयू समेत विरोध करने वाले दलों के नेता महिला आरक्षण में एससी, एसटी, ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की मांग को लेकर बेहद मुखर थे। अब विधेयक का प्रारूप क्या होगा, विपक्षी दलों की रणनीति उसी आधार पर फ्लोर टेस्ट में बदलेगी।

कांग्रेस संसदीय दल के चीफ व्हिप से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि इन तीन दिनों के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में महिला आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और मतदान प्रस्तावित है। ऐसे में सभी सांसदों की उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी के लिए अत्यंत आवश्यक है। व्हिप में सांसदों को सुबह 11:00 बजे से सदन की कार्यवाही शुरू होने से लेकर स्थगन तक मौजूद रहने के लिए कहा गया है। पार्टी नेतृत्व ने अपने निर्देश में यह भी रेखांकित किया है कि किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी और सभी सांसदों को बिना किसी चूक के पार्टी लाइन का समर्थन करना होगा। इस निर्देश को अत्यंत महत्वपूर्ण श्रेणी में रखा गया है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है। इस घटनाक्रम के बाद लोकसभा की आगामी कार्यवाही पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, जहां महिला विधेयक और प्रस्तावों पर तीखी बहस और निर्णायक मतदान होने की संभावना है।

### क्या होता है तीन लाइन का व्हिप?

तीन लाइन का व्हिप संसद में जारी होने वाला सबसे सख्त निर्देश माना जाता है। इसके तहत संबंधित पार्टी के सांसदों के लिए सदन में उपस्थित रहना और पार्टी के निर्देशानुसार मतदान करना अनिवार्य होता है। यदि कोई सांसद इसका उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सदस्यता समाप्ति तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि तीन लाइन व्हिप का जारी होना इस बात का संकेत है कि सदन में होने वाले मतदान बेहद अहम हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों के लिए राजनीतिक रूप से निर्णायक साबित हो सकते हैं। ऐसे में पार्टी अपने सांसदों की पूर्ण उपस्थिति और एकजुटता सुनिश्चित करना चाहती है।

## कल्याण में भीषण सड़क हादसा : डंपर और कार की सीधी भिड़ंत में मरने वालों की संख्या हुई 11

मुंबई। महाराष्ट्र के कल्याण इलाके में सोमवार को हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अस्पताल में उपचार के दौरान दो और घायलों द्वारा दम तोड़ने के बाद प्रशासन ने इस आंकड़े की पुष्टि की। यह भीषण दुर्घटना कल्याण-मुरबाड मार्ग पर रायता पुल के पास सुबह करीब 11 बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार कार और मिक्सर डंपर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, कार कल्याण से मुरबाड की ओर जा रही थी, जिसमें क्षमता से अधिक कुल 12 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान तीन अन्य लोगों ने भी दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों का कुल आंकड़ा 11 पहुंच गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नेशनल हाईवे 61 पर हुआ यह हादसा बेहद दुखद है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और घायलों को बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराने के साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# तमिलनाडु चुनाव प्रचार में एआई का इस्तेमाल, डिजिटल अवतार में वोट मांग रहे विजय

### -चुनाव आयोग ने चार दिनों तक इस टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की दी इजाजत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार जोरों शोरों से जारी है। इस बीच चुनाव प्रचार में एक उम्मीदवार ने एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। दरअसल कुंभकोणम में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के एक उम्मीदवार ने होलोग्राफिक एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके, चुनावी रैलियों में पार्टी अध्यक्ष विजय की असली जैसी बड़ी और जीवंत छवि दिखाई, जिससे कई कार्यक्रमों में उनकी गैर-मौजूदगी की भरपाई हो जा रही है। राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है, और विजय कई चुनावी कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में उम्मीदवार मतदाताओं का जुड़ाव बनाए रखने के लिए दूसरे तरीके ढूंढ रहे हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच टीवीके के तंजावुर पूर्वी जिले के सचिव और कुंभकोणम से चुनाव लड़ रहे 32 साल के विनोद रवि ने इस एआई टेक्नोलॉजी हैक का इस्तेमाल किया। जानकारी के मुताबिक यह सिस्टम उन्होंने कामा टेक्नोलॉजीज से लिया है, जिसका रोजाना का किराया 50,000 रुपए है। रवि ने कहा कि चुनाव आयोग ने मुझे चार दिनों तक इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इससे मुझे बहुत ज्यादा जोश और आत्मविश्वास महसूस होता है, मानो हमारे थलापति मेरे ठीक बगल में खड़े होकर सीधे लोगों से बात कर रहे हों।

बता दें चुनावी वाहन पर लगा यह सिस्टम दृष्टि की निरंतरता के सिद्धांत पर आधारित होलोग्राफिक प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है। इसमें एक प्रोजेक्शन फैन डिस्प्ले, तेज रफ्तार वाली मोटरें और एक सिंक्रोनाइज्ड ऑडियो सिस्टम लगा है, जिसे वाहन का जेनरेटर बिजली देता है।

यह सेटअप विजय की सिर से लेकर पैर तक की एक बहुत ही असली जैसी 3डी छवि बनाता है। इसे देखकर लगता है कि वे वाहन की छत से बाहर खड़े होकर लोगों की भीड़ को सीधे संबोधित कर रहे हैं। यह सिस्टम विजय के पुराने भाषणों की ऑडियो के साथ सिंक्रोनाइज्ड होता है, जिससे लगता है कि वे चुनावी वाहन से सीधे भाषण दे रहे हैं।

# नोएडा हिंसा विकास को बाधित करने की साजिश, इसमें हो सकता है पाक कनेक्शन : राजभर

### अराजकता और उग्र प्रदर्शन किसी भी समस्या का समाधान नहीं

**नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को नोएडा में हुई श्रमिक हिंसा को राज्य के विकास को बाधित करने की एक सुनियोजित साजिश बताया है। यह बवाल वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुआ था, जहां आगजनी और पथराव से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा गया। हाल ही में मेरठ और नोएडा से पकड़े गए चार संदिग्ध आतंकियों के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के कारण एजेंसियां अब इस हिंसा में बाहरी ताकतों की भूमिका की जांच कर रही है। सीएम के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर बातचीत के जरिए स्थिति को सामान्य बनाने और मजदूरों की समस्याओं को सुलझाने में जुटे हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि यह घटना महज एक विरोध प्रदर्शन नहीं है। हाल के दिनों में मेरठ और नोएडा से चार संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई है, जिनके हैंडलर पाकिस्तान में बैठे थे। इस पृष्ठभूमि में राज्य में अस्थिरता पैदा करने की साजिश की आशंका को बल मिलता है। मंत्री ने अंदेशा जताया कि इस अशांति का मकसद मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बाधा डालना भी हो सकता था।

बता दें वेतन वृद्धि की मांग कर रहे फैक्ट्री मजदूरों का प्रदर्शन देखते ही देखते हिंसक हो गया था। नोएडा के फेज-2, सेक्टर 60, 62 और 84 में उपद्रवियों ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की। पत्थरबाजी की घटनाओं के कारण प्रमुख रास्तों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राजभर ने स्पष्ट किया कि अराजकता और उग्र प्रदर्शन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं और सरकार मजदूरों की हर जायज बात सुनने को तैयार है। मंत्री ने श्रमिकों से किसी भी तरह के बहकावे या उकसावे में न आने की अपील की है।

# होर्मुज संकट के बीच चीन ने श्रीलंका को दिया दगा, भारत ने की आपातकालीन मदद

### -भारत को पीएलसी में 51फीसदी नियंत्रक की हिस्सेदारी देकर अहसान चुका रहा श्रीलंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होर्मुज संकट में जब चीन ने ईरान के साथ दोस्ती का ढोंग रचा और श्रीलंका से दगा किया तब भारत ने श्रीलंका का हाथ थाम लिया। ईंधन की कमी, आर्थिक दबाव और ऊर्जा संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत ने आपातकालीन मदद पहुंचाई। अब श्रीलंका इस अहसान का बदला चुकाने जा रहा है। भारत की प्रमुख रक्षा शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में 51 फीसदी नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह सौदा एमडीएल का पहली अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है, जिसकी कीमत 26.8 मिलियन डॉलर यानी करीब 249.5 करोड़ रुपए है। मुंबई स्थित इस डिफेंस पीएसयू ने 9 अप्रैल को जारी बयान में कहा था कि इस डील से श्रीलंका का सबसे बड़ा शिपयार्ड अब उसके परिचालन नियंत्रण में आ गया है। यह सौदा जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड से शेयर खरीदकर पूरा हुआ है। यह अधिग्रहण सिर्फ व्यापारिक नहीं, बल्कि जियो पॉलिटिक्स के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

चीन श्रीलंका में हम्बनटोटा बंदरगाह पर 99 साल का पट्टा ले चुका है और कोलंबो में नियमित रूप से अपने नौसैनिक जहाज खड़े कर रहा है। भारतीय हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती पैठ को देखते हुए दिल्ली इस अधिग्रहण को अपने समुद्री विस्तार रणनीति का हिस्सा बता रही है। रिपोर्ट के मुताबिक एमडीएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (रिटायर्ड) कैप्टन जगमोहन ने कहा कि एमडीएल द्वारा सीडीपीएलसी का अधिग्रहण हमारे दोनों संगठनों के लिए ही नहीं, बल्कि भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग के लिए मील का पत्थर है।

ईरान की अमेरिका-इजराइल से जंग के दौरान होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। श्रीलंका जैसे छोटे देश ईंधन संकट, महंगाई और आर्थिक दबाव से जूझ रहे थे, जबकि चीन ने ईरान के साथ संबंधों का दावा किया, लेकिन व्यावहारिक रूप से श्रीलंका को तत्काल राहत नहीं दी। इसके उलट भारत ने श्रीलंका को डीजल और अन्य ईंधन की इमर्जेंसी सप्लाई की। पड़ोसी पहले सिद्धांत के तहत नई दिल्ली ने श्रीलंका का साथ दिया, जिससे कोलंबो में आर्थिक स्थिरता बनी रही। अब यह अधिग्रहण उस सहायता का प्रत्युत्तर माना जा रहा है।



यह डील भारत की समुद्री अमृत काल विज़न 2047 के अनुरूप है, जिसके तहत देश को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाने का लक्ष्य है। एमडीएल जैसी कंपनियां अब विदेशों में पैर पसार रही हैं, जिससे भारतीय जहाज निर्माण और रिपेयर क्षमता बढ़ेगी। विश्लेषकों का मानना है कि मुख्य शिपिंग रूट्स पर कोलंबो डॉकयार्ड की रणनीतिक स्थिति भारत को हिंद महासागर में मजबूत पकड़ देगी और चीन की 'स्ट्रिंग ऑफपर्ल्स' रणनीति को प्रभावी चुनौती मिलेगी। श्रीलंका के लिए भी यह फायदेमंद साबित होगा।

# राजस्थान सरकार की ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 से व्यापारी एवं उद्यमियों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

स्मार्ट हलचल | भीलवाडा

राज्य के व्यापारियों एवं उद्यमियों को अपने व्यापार को बढ़ाने, राज्य में नए निवेश को आकर्षित तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025' लागू की गई है। यह नीति 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त एवं महाप्रबंधक ने बताया कि नई ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी के अंतर्गत रिटेल एवं होलसेल व्यापार से जुड़े माइक्रो उद्यमियों को निम्नानुसार विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

नये सूक्ष्म व्यापारिक उद्यमों हेतु 2 करोड रू. तक के ऋण पर ब्याज अनुदान का प्रावधानः- एक करोड रू. तक - 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान एक करोड रू. से अधिक- दो करोड़ रू. तक - 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान

योजनानुसार कम्पोजिट ऋण में कार्यशील पूंजी की अधिकतम सीमा 80 प्रतिशत तक होगी। ब्याज अनुदान वितरण तिथि से 5 वर्ष तक देय होगा। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्युबीडी को एक करोड से अधिक के ऋण पर एक प्रतिशत ब्याज अनुदान अतिरिक्त देय होगा।

1. सीजीटीएमएसई फीस का पुनर्भरणः- पॉलिसी अंतर्गत वित्तीय संस्थान से लिये गये 5 करोड रूपये तक के ऋण पर 5 वर्ष तक बैंक द्वारा ली जाने वाली सीजीटीएमएसई गारंटी फीस के 50 प्रतिशत का पुनर्भरण नियमानुसार देय होगा।

2. इंश्योरेंस प्रीमियम भुगतान :- पॉलिसी अंतर्गत परिभाषित सूक्ष्म खुदरा व्यापारी उद्यमों को 5 वर्ष तक उनकी इकाई के इंश्योरेंस हेतु भुगतान की गई राशि के 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रू. प्रतिवर्ष) का पुनर्भरण नियमानुसार देय होगा।

3. ई-कॉमर्स प्लेटफार्म फीस का भुगतानः- पॉलिसी अंतर्गत परिभाषित सूक्ष्म खुदरा व्यापारी

उद्यमों को 1 वर्ष तक ई-कॉमर्स के माध्यम से लेन-देन करने हेतु दी जाने वाली कुल प्लेटफार्म फीस/शुल्क (शीपिंग शुल्क के अतिरिक्त) का 75 प्रतिशत (अधिकतम 50 हजार रू. प्रतिवर्ष) का पुनर्भरण नियमानुसार देय होगा।

योजनान्तर्गत पात्रता की शर्तें

नये सूक्ष्म व्यापारिक उद्यम स्थापित करने पर व्यक्तिगत/संस्थागत (एच.यू.एफ, सोसायटी, भागीदारी फर्म, एल.एल.पी. फर्म एव कम्पनी) आवेदक ब्याज अनुदान एवं अन्य परिलाभों (ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस, सीजीटीएमएसइ फीस व इन्श्योरेंस प्रीमियम पुनर्भरण) हेतु पात्र हैं।

एच.यू.एफ, सोसायटी, भागीदारी फर्म, एल.एल.पी. फर्म एवं कम्पनी की स्थिति में उनका नियमानुसार पंजीकृत होना आवश्यक होगा।

संस्थागत आवेदकों को पॉलिसी के बिन्दु संख्या 4;ठद्ध के अनुसार राशि रु. 1 करोड़ से अधिक एवं 2 करोड़ रु. तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान हेतु 51 प्रतिशत अथवा अधिक स्वामित्व वाले सभी सदस्यों का महिला/एस.सी./एस.टी. /दिव्यांगजन श्रेणी में से होना आवश्यक होगा।

एक परिवार में एक ही व्यक्ति को योजनान्तर्गत लाभ देय होगा। परिवार से आशय पति-पत्नी तथा नाबालिग बच्चे हैं।

व्यापारिक गतिविधि में विस्तार/विविधिकरण होने पर इंश्योरेंस प्रीमियम फीस (खुदरा व्यापारियों हेतु) तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस पुनर्भरण हेतु पात्र होंगे

योजनान्तर्गत अपात्र-

लाभार्थी द्वारा विगत 5 वर्षों में स्वयं के आधिपत्य से संचालित किसी अन्य इकाई में भारत सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी पॉलिसी में किसी भी प्रकार के ब्याज अनुदान या समान प्रकार के परिलाभ का लाभ लिया गया हो तो आवेदक/आवेदक इकाई पॉलिसी अंतर्गत किसी भी लाभ हेतु पात्र नहीं होंगे ।

वित्तीय संस्थानों के डिफाल्टर आवेदक।

पॉलिसी के अन्तर्गत उल्लेखित अन्य प्रतिबंधित उत्पाद/गतिविधियाँ।

ऋणदात्री संस्थाएं -

राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत निजी क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक तथा अनुसूचित स्मॉल फाईनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक एवं सेन्ट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक, अन्य मेम्बर लैंडिंग इन्स्टीट्युट्स

पॉलिसी अन्तर्गत आवेदन प्रक्रिया -

योजना के लिए ऑनलाइन पोर्टल 15 अप्रैल से शुरू हो चुका है। आवेदक द्वारा एसएसओ पोर्टल पर स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन किये जा सकते हैं।

# 'मकान पास करा दूंगा'.. सरपंच का नाम लेकर महिला से 5500 की ठगी

## ई-मित्र के सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी, 20 रुपये देकर बोला- 'कल खाते में 40 हजार आएंगे'



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** सरकारी योजनाओं का लालच देकर भोले-भाले ग्रामीणों और बुजुर्गों को ठगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला श्यामगढ़ गांव का है, जहां एक शातिर ठग ने एक बुजुर्ग महिला को आवास योजना में मकान पास कराने का झांसा देकर 5500 रुपये ठग लिए। आरोपी अब ई-मित्र के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

जानकारी के अनुसार, श्यामगढ़ निवासी बुजुर्ग महिला खानी भील के घर एक अनजान व्यक्ति आया। उसने कहा कि सरपंच ने भेजा है, 5500 रुपये दो तो मकान पास करवा दूंगा। गरीब महिला ने गांव की ही एक महिला से 3000 रुपये उधार लेकर उसे दे दिए। इसके बाद ठग महिला को लाडपुरा स्थित एक ई-मित्र पर ले गया और वहां अंगूठा लगवाकर खाते से 2500 रुपये और निकलवा लिए।

पूरी रकम हाथ में आते ही ठग ने महिला को किराये के लिए 20 रुपये दिए और कहा, 'घर जाओ, कल खाते में 40 हजार रुपये आ जाएंगे।' यह कहकर वह फरार हो गया। जब महिला अगले दिन सरपंच प्रतिनिधि से मिली, तब उसे ठगी का अहसास हुआ। ई-मित्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे में ठग महिला के साथ दिखाई दे रहा है।

# किसानों को बड़ी राहत, फसली ऋण चुकाने की तारीख बढ़ी

## 5.5 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा फायदा



स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान सरकार ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसली ऋण चुकाने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। इस फैसले से करीब 5.5 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जो आर्थिक दबाव के चलते समय पर ऋण नहीं चुका पा रहे थे।

सरकार का कहना है कि मौसम की मार, बढ़ती लागत और बाजार में अनिश्चितता के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। ऐसे में उन्हें राहत देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नई तिथि के तहत किसान बिना किसी अतिरिक्त पेनल्टी के अपना ऋण चुका सकेंगे। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# चावंडिया में चारभुजा नाथ फूलडोल महोत्सव पर ठाकुर जी को लगाया छप्पन भोग, निकाली शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** क्षेत्र के चावंडिया गांव में बुधवार को श्री चारभुजा नाथ फूलडोल महोत्सव के मौके पर ठाकुर जी को विशाल छप्पन भोग लगाया गया, वही ठाकुर जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई । फूलडोल कमेटी के सदस्यों व ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की चावंडिया गांव में फूलडोल महोत्सव का आयोजन बुधवार को हुआ, बुधवार प्रातः 9:15 बजे चारभुजानाथ मंदिर में ठाकुर जी का अभिषेक किया गया, वही दोपहर 12:15 बजे मंदिर में हवन, पूजन कर शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना की गई । वही दोपहर 3:15 बजे छप्पन भोग को दर्शनों के लिए सजाया । सायं 5:15 बजे छप्पन भोग का भोग लगाकर चारभुजा नाथ व छप्पन भोग की महा आरती की गई । इसके बाद ही चारभुजा नाथ की शोभायात्रा मंदिर से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें महिला पुरुष व युवक युवतियां नाचती गाती हुई चली, शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुजरी, जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी का स्वागत किया, जो रात्रि में चामुंडा माता तालाब स्थित फूलडोल पांडाल में पहुंची।

# हजारों वाहनों की आवाजाही, फिर भी बदहाल सड़क

## आकोला-बड़लियास मार्ग बन रहा हादसों का गढ़



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आकोला से बड़लियास तक जाने वाली मुख्य सड़क, जो बेगू से शाहपुरा को जोड़ने वाला अहम मार्ग है, आज बदहाली की चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। रोजाना इस सड़क से हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क की हालत ऐसी है और वर्षों से इसकी सुध ही नहीं ली गई।

सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई डामर और धूल का गुबार अब आम बात बन चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र की सबसे व्यस्त सड़क होने के बावजूद, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकार बनी हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी मार्ग से बड़े अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। अब क्षेत्रवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि इस सड़क का तत्काल सर्वे कर मरम्मत कार्य या नया कार्य शुरू किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और संभावित हादसों पर रोक लगाई जा सके। क्या पीडब्ल्यूडी अब जागेगा, या हादसों का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

# समता से सामर्थ्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, विधायक ने दिया समरसता का संदेश

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)** । शाहपुरा-महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय (स्ढ्ढस्) स्थित अम्बेडकर शोधपीठ के तत्वावधान में 'अम्बेडकर दृष्टिः समता से सामर्थ्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहपुरा विधायक व प्रबंध मंडल सदस्य डॉ. लालाराम बैरवा शामिल हुए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. बैरवा ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि एक सशक्त और समरस समाज के निर्माण का मार्ग हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षित होकर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता जसवन्त खत्री ने बाबा साहेब के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. सुरेश अग्रवाल ने की, जबकि मानद निदेशक प्रो. शिव प्रसाद ने विषय की प्रासंगिकता पर विचार रखे। अंत में कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बैरवा ने शोधपीठ के कार्यों की सराहना करते हुए बाबा साहेब के विचारों के व्यापक प्रसार पर जोर दिया।

# रघुवंशी नायक समाज की बैठक, कार्यकारिणी का गठन



स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़


रघुवंशी नायक समाज की महत्वपूर्ण बैठक नायक छात्रावास, में आयोजित हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिसमें प्रसिद्ध त्रिनेत्र शिव मंदिर के महंत जगदीश प्रसाद भोपाजी, जिलाध्यक्ष गोपी लाल नायक, संरक्षक भेरूलाल नायक, युवा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप नायक सहित सैकड़ों समाजजन शामिल हुए।

बैठक के दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपी लाल नायक ने मांडलगढ़-बिजौलिया ब्लॉक के लिए विनोद कुमार नायक को ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद कुमार नायक ने समाज में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से ही सकारात्मक बदलाव संभव है, जिसके लिए सभी समाजजन को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में समाज के विकास, संगठन मजबूती और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# कानपुर में एम एस सी की छात्रा को हवस का शिकार बनाने वाले कांस्टेबल को दिखाया जेल का रास्ता

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** यहां कानून के रक्षक पुलिस वाले भी बलात्कार जैसी घटनाओं को देने में किसी के पीछे नहीं हैं। ऐसी ही एक घटना में नौकरी और शादी का झांसा देकर एक कांस्टेबल ने एम एससी की छात्रा के साथ रेप किया। छात्रा की रिपोर्ट पर उसे गिरफ्तार करके जेल का रास्ता दिखाया गया है।

आरोप है कि इस दौरान कांस्टेबल ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। जब छात्रा ने कांस्टेबल पर शादी के लिए दबाव डाला, तो उसने विवाह करने से इनकार कर दिया। साथ ही आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि यदि उसने शिकायत की, तो वह अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस छात्र की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरोपी कांस्टेबल योगेंद्र से पीड़ित छात्रा की मुलाकात जनवरी 2026 में ट्रेन में हुई थी।

मामले की जांच कर रही पुलिस को रावतपुर थानाक्षेत्र निवासी एमएससी छात्रा ने बताया वह एक हॉस्टल में रहकर गणित विषय से एमएससी और प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर रही है। छात्र के मुताबिक 19 जनवरी 2026 को कानपुर सेंट्रल से आगरा परीक्षा देने जाते समय उसकी मुलाकात रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल योगेंद्र सिंह से हुई थी। योगेंद्र ने बताया कि वह सिपाही की ट्रेनिंग कर रहा है। पीड़ित छात्रा ने बताया बातचीत के बाद कांस्टेबल योगेंद्र ने नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किए और बातचीत शुरू हो गई। इसी दौरान योगेंद्र ने शादी का प्रस्ताव रखा। उसने मेरी मां से भी बातचीत की और आश्वासन दिया कि शादी के साथ-साथ नौकरी भी लगवा देगा।

छात्र काआप है कि 22 फरवरी 2026 की रात योगेंद्र ने उसे रिजर्व पुलिस लाइन के पास बुलाया और जबरन रेप किया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। करीब 2 महीने तक फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप करता रहा। 8 अप्रैल को कांस्टेबल ने बुलाकर उसके साथ फिर रेप किया और बोला कि अब न शादी करूंगा और न ही नौकरी लगवाऊंगा। साथ ही आरोपी कांस्टेबल ने शिकायत करने पर अश्लील फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार का जेल का रास्ता दिखाने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी के बावजूद धार्मिक स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## खाटू श्याम और पुष्कर में बढ़ी आस्था की लहर

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में तेज गर्मी के बावजूद प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। खाटू श्याम जी और पुष्कर जैसे तीर्थ स्थलों पर रोजाना हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनमें पानी, छाया और चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई है। धार्मिक आस्था के चलते लोग कठिन मौसम की परवाह किए बिना दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पर्यटन और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# भारत ने यूएन में कहा- स्थायी श्रेणी में वीटो के साथ विस्तार अनिवार्य

स्मार्ट हलचल | न्यूयॉर्क





संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों पर आईजीएन की बैठक में जोर देकर कहा कि वास्तविक सुधार के लिए स्थायी श्रेणी में वीटो पावर के साथ विस्तार अनिवार्य है। भारत ने दो-स्तरीय सदस्यता का विरोध करते हुए कहा कि भेदभावपूर्ण ढांचा मौजूदा असंतुलन को बढ़ाएगा।

न्यूयॉर्क स्थित यूएन में भारत के स्थायी मिशन ने एक बयान में बताया कि भारत ने बैठक में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि दो बुनियादी पहलू ऐसे हैं, जिनकी वजह से यूएनएससी की बनावट असंतुलित है, ये दो पहलू हैं, सदस्यता और वीटो। यूएनएससी में सुधार की सख्त ज़रूरत है और इस बात पर व्यापक सहमति है। यह साफ है कि 80 साल से भी पहले बनाई गई कोई बनावट आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर सकती।

बयान के अनुसार राजदूत हरीश ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा, 60 के दशक में परिषद में जो एकमात्र सुधार हुआ था, जिसमें सिर्फ़ अस्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार किया गया था, उसकी वजह से वीटो रखने वाले सदस्यों की सापेक्ष शक्ति में और बढ़ोतरी हो गई। तुलनात्मक रूप से देखें तो, जहां पहले वीटो रखने वाले स्थायी सदस्यों और अस्थायी सदस्यों का मूल अनुपात 5:6 था, वहीं बाद में इसे संशोधित करके 5:10 कर दिया गया, जिससे वीटो रखने वालों को और ज़्यादा फ़ायदा हुआ। कोई भी ऐसा सुधार जिसके साथ वीटो रखने वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार न हो, वह इस अनुपात को और भी बिगाड़ देगा और इस तरह, मौजूदा असंतुलन और असमानताओं को और भी पक्का कर देगा। इसलिए सुरक्षा परिषद में असली सुधार के लिए वीटो रखने वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार करना बेहद ज़रूरी है।

हरीश ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा परिषद में सुधार के दायरे में किसी नई श्रेणी पर विचार करना, चाहे उसे वीटो दिया जाए या न दिया जाए, पहले से चल रही उस चर्चा को और भी पेचीदा बना देगा, जिसमें पहले से ही अलग-अलग तरह के विचार शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत दोहराता है कि हमारे विचार 'अफ़्रीकी मॉडल' के अनुरूप हैं यानी, जब तक वीटो की व्यवस्था मौजूद है, तब तक नए स्थायी सदस्यों को भी वीटो का अधिकार जरूर दिया जाना चाहिए।

इसके अलावा भारत ने मंगलवार को यूएन मुख्यालय में डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। कार्यक्रम का विषय था, 'डॉ. बी. आर. अंबेडकर का संवैधानिक नैतिकता का दृष्टिकोण और बहुपक्षवाद के लिए इसकी प्रासंगिकता'। इस दौरान राजनयिक हरीश ने भारतीय नागरिकों में संवैधानिक नैतिकता की भावना जगाने के लिए डॉ. अंबेडकर की जोरदार वकालत को काफी महत्वपूर्ण और अद्वितीय बताया।

# उरना उप स्वास्थ्य केंद्र खुद 'बीमार ', स्टाफ नदारद रहने से निराश लौटे मरीज

## निर्धारित समय के एक घंटे बाद भी नहीं पहुंचा कोई कर्मचारी, ग्रामीणों में रोष

स्मार्ट हलचल | खजुरी



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों की जमीनी हकीकत उस समय सामने आ गई, जब शक्करगढ़ क्षेत्र के उरना स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मरीज इलाज के लिए घंटों भटकते रहे। जहां मरीजों का इलाज होना चाहिए, वहां की व्यवस्था खुद 'बीमार' नजर आई।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को अस्पताल खुलने के निर्धारित समय के एक घंटे बाद तक भी कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इलाज की आस में दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों इंतजार करने के बाद बिना उपचार के ही निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है; यहां लंबे समय से लापरवाही का यही आलम है। स्टाफ के समय पर न आने से मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उप स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की यह हालत स्वास्थ्य विभाग के कागजी दावों की पोल खोल रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन व चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस गंभीर लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही, अस्पताल में नियमित स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# भीलवाड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया सेन जयंती महोत्सव

**भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाबभक्ति और सेवा के संगम के साथ नगर निगम टाउन हॉल से निकाली गई शोभायात्रा; जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा







सेन क्षौरकार वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आराध्य देव श्री सेन जी महाराज की जयंती 'सेन जयंती महोत्सव 2026' मंगलवार को शहर में अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। महोत्सव के दौरान जहाँ एक ओर भक्ति का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर सेवा कार्यों के जरिए समाज ने एकजुटता का संदेश दिया।

सोसायटी के अध्यक्ष गोविंद सेन ने बताया कि नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ के दौरान दीप प्रज्जवलन जिला कलेक्टर जसमित सिंह सिन्धु, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा के द्वारा रक्तदान शिविर की शुरूआत की गई। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जाँच, शुगर, बी.पी. जाँच और स्पाइरोमेट्री पल्मोनरी टेस्ट किए गए। जरूरतमंदों को ऑपरेशन हेतु परामर्श भी दिया गया।

दोपहर के सत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विशेष सानिध्य महंत श्री मोहनशरण जी शास्त्री निम्बार्क आश्रम भीलवाड़ा, कार्यक्रम अध्यक्षता सोनू जी गोरधा, अतिविशिष्ट अतिथि कमलेश सेन (खनन व्यवसायी), आदित्य सेन (मसुदा), ओम प्रकाश सेन (टुक्कड़वाल), विशिष्ट अतिथि राजेश सेन (पूर्व भाजपा ओबीसी मोर्चा), संस्था संस्थापक लादूलाल सेन, मुकेश सेन, नन्दलाल सेन, रामप्रसाद सेन, सत्यनारायण सेन, राकेश सेन, प्रकाश सेन, घनश्याम सेन, अतिथि प्रेम सेईवाल, बलवीर सेन, दीपक ठाकुर, मुरली सेन, शंकर जहाजपुरिया, सागर सेन, यशोवर्धन सेन, भैरूलाल सेन व जसराज सेन की उपस्थिति में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंधुओं को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सने ने बताया कि भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ नगर निगम टाउन हॉल से गाजे-बाजे के साथ हुआ। शोभायात्रा राजेंद्र मार्ग रोड, मुरली विलास, स्टेशन रोड, गोल पीयाऊ चौराहा, सुभाष मार्केट और गुलमंडी जैसे शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। पूरे मार्ग में समाज के विभिन्न संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा भव्य स्वागत द्वार लगाकर और पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का समापन श्री सेन जी महाराज मंदिर (मुरलीधर मंदिर परिसर) में महाआरती के साथ हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिए।

संस्था सचिव जितेन्द्र सेन ने बताया कि महोत्सव के समापन पर राजेंद्र मार्ग स्कूल में 'भोजन प्रसाद' का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष प्रदीप सेन, संजय सेन, दिनेश सेन, किशन सेन, प्रवीण सेन, पवन सेन, बबलू सेन, महावीर सेन, ईश्वर सेन, महेंद्र सेन, जगदीश भटेड़ा, राजकुमार सेन, कन्हैयालाल सेन, दीपेश सेन, दीपक सेन, जयप्रकाश सेन और कैलाश टुक्कड़वाल सहित समाज के सभी कार्यकर्ताओं और युवाओं ने समर्पित योगदान दिया।

# 15 साल बाद बदलेंगे देवनारायण सागर बांध के दिन, होगा जीर्णोद्धार

**विधायक गोपीचंद मीना ने किया शिलान्यास, जनसुनवाई में मनरेगा शुरू कराने के दिए निर्देश**



स्मार्ट हलचल | खजुरी

करीब 15 साल के लंबे इंतजार के बाद खजुरी क्षेत्र के उरना गांव स्थित देवनारायण सागर बांध की सूरत बदलने जा रही है। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीना ने बुधवार को 90 लाख रुपए की लागत से बांध के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक के उरना पहुंचने पर ग्रामीणों व महिलाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शिलान्यास के पश्चात आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। महिलाओं द्वारा गांव में बंद पड़े मनरेगा कार्यों को पुनः शुरू करने की मांग पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लिया और जहाजपुर विकास अधिकारी को कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक गोपीचंद मीना ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले रात में शिलान्यास और उद्घाटन होते थे, जिससे काम अधूरे रह जाते थे। लेकिन अब विकास कार्य दिन के उजाले में, जनता के बीच पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य धर्मचंद मीना ने किया। इस दौरान किशोर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रामकुवार मीना, रामगोपाल शर्मा, रमेश काष्ठ, राकेश खटीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जोजवा के लाल ने रचा इतिहास



स्मार्ट हलचल | बीगोद

जोजवा गांव में युवक ने पहले ही प्रयास में आरपीएससी व्याख्याता परीक्षा पास कर ली। त्रिवेणी चौराहा स्थित आर्यन स्टेडी सेंटर पर जोजवा निवासी चेतन शर्मा ने पढ़ाई की और 46वीं रैंक लेकर अंतिम सूची में स्थान प्राप्त किया। आर्यन स्टेडी सेंटर के संचालक प्रभु योगी ने बताया कि स्टडी सेंटर पर पढ़ाई कर एक दर्जन से अधिक स्टूडेंट का सरकारी भर्तियों में चयन हो चुका है। शांत,सुंदर और सभी सुविधाओं से बना, आर्यन स्टेडी सेंटर, स्टूडेंट की पहली पसंद बना हुआ है।

# जिले के चार बड़े महत्वपूर्ण विभाग की कमांड अब जिला कलेक्टर संधु के हाथ में

स्मार्ट हलचल | राजेश जीनगर



**भीलवाड़ा।** जिले के चार बड़े विभाग नगर निगम, नगर विकास न्यास, जिला परिषद सहित भीलवाड़ा डेयरी की बतौर प्रशासक के रूप में कमांड अब जिला कलेक्टर डॉ. जसमीत सिंह संधू के हाथ में हैं। ऐसे में इन विभागों में सुधार व इन विभागों के माध्यम से शहर के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, यह भी कलेक्टर संधु के हाथ में है। वही जिले के सांसद दामोदर अग्रवाल और शहर विधायक अशोक कोठारी की जोड़ी भी शहर के विकास सोन्दर्यकरण को लेकर लगातार अथक प्रयास कर रही है, जबकी कानून व्यवस्था बनाए रखने व बढ़ते अपराध की रोकथाम व नकेल के लिए एआई तकनीकी कैमरे पर जोर हो या अपराधियों पर लगातार शिंकजा कसने वाले दबंग पुलिस कप्तान अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव भी भीलवाड़ा को अपराध मुक्त के लिए तत्पर हैं। ऐसे में निकट भविष्य में भीलवाड़ा के विकास की तस्वीर व सौंदर्यकरण एक मिसाल बनेगी, इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। इधर इसी कड़ी में सांसद अग्रवाल व शहर विधायक कोठारी की कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है। सुत्रो की मानें तो टेक्सटाइल पार्क, ऐलिवेटेड रोड के बाद मांडल चौराहे के आसपास एक बड़े प्रोजेक्ट को लेकर टाटा व अडाणी ग्रुप से भी एमओयु होने की बात सामने आ रही है। जिसका मास्टर प्लान लगभग फाइनल होना बताया जा रहा है। और वस्त्रनगरी भीलवाड़ा को विकास की कड़ी में एक बड़ी सौगात मिलने की संभावना भी तेज हो गई है। अब बात करते हैं जिले के चार बड़े विभाग की जिसके मुखिया जिला कलेक्टर प्रशासक के तौर पर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। जिसमें नगर विकास न्यास, नगर निगम, जिला परिषद और भीलवाड़ा डेयरी शामिल है। शहर की जनता को उम्मीद है कि इन विभागों में प्रशासक के तौर पर जिला कलेक्टर कुछ अच्छा करने का प्रयास करेंगे जिससे कि भीलवाड़ा की जनता उनके कार्यकाल को हमेशा याद करेंगी। प्रशासक के तौर पर जिला कलेक्टर डॉ जसमीत सिंह संधू इन विभागों के माध्यम से भीलवाड़ा के विकास, सौंदर्यकरण व सुधार सहित अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, शहर के चौराहों पर वर्षो से काबिज अतिक्रमण, निराश्रित गोवंश को लेकर क्या ठोस कदम उठाते हैं, क्या कार्यवाही करते हैं, यह आगामी समय में देखने वाली बात होगी।

# नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन के वीरेन्द्र व्यास बने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)** । शाहपुरा-नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली की महत्वपूर्ण बैठक संस्थापक जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राजस्थान निवासी डॉ. अनिल कुमार छीपा को दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।

नवगठित कार्यकारिणी में शाहपुरा निवासी वीरेन्द्र व्यास को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश से सपना गंगाधर को उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश से संकरी बाला को महासचिव, बिहार से रश्मि अग्रवाल को सचिव, बिहार से मनीष यादव को कोषाध्यक्ष, हरियाणा से कुमार जॉनी को उपकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसी क्रम में दिल्ली से विनीता वार्ष्णवे को चेयरपर्सन एंटी करप्शन, पंजाब से स्वर्ण सिंह विरदी को चेयरमैन साइबर सिक्योरिटी, दिल्ली से सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट विवेकानंद मिश्रा को लीगल एडवाइजर तथा मध्य प्रदेश से शमशाद भाटी को चेयरपर्सन सोशल अवेयरनेस की जिम्मेदारी दी गई।

संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद सभी पदाधिकारियों को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। वीरेन्द्र व्यास के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर शाहपुरा क्षेत्र में खुशी की लहर है और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है।

# काछोला में बनेगा डॉ. अंबेडकर का भव्य स्टेच्यू, भूमि पूजन संपन्न

**'जय भीम' के नारों से गूंजा कस्बा, वाहन रैली व विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन**



स्मार्ट हलचल | काछोला

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर काछोला तहसील मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा की स्थापना के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया।

जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई और विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान 'जय भीम' के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

भूमि पूजन एवं अन्य कार्यक्रमों में काछोला ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई, राजेन्द्र सिंह सोलंकी, डॉ. एन.के. सोनी, मंच अध्यक्ष मनीष मेघवंशी, मंच संयोजक दुर्गा लाल बैरवा, उपाध्यक्ष प्रेमचंद रेगर, विजय कुमार सोनी, सत्यनारायण मेघवंशी, लोकेश कुमार खटीक, सचिव राजेन्द्र कुमार रेगर, गोपाललाल भील, उदय लाल बैरवा, असलम रंगरेज, राजमल रेगर, चांदमल रेगर, ओमप्रकाश खटीक, रमेश चंद्र बसेटिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

# गांधी दर्शन समिति ने अंबेडकर जयंती पर छात्रा आराध्या का किया सम्मान

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा/भीलवाड़ा



महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति, बनेड़ा द्वारा मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक मेधावी छात्रा का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक श्री अक्षय जी त्रिपाठी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

समिति ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं साइंस (गणित) की परीक्षा में 93% अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आराध्या का सम्मान किया। आराध्या महुवा खुर्द, बनेड़ा निवासी मोहन लाल जी मेघवंशी की सुपुत्री हैं।

सम्मान समारोह के दौरान, मेधावी छात्रा आराध्या को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन दर्शन से जुड़ा साहित्य, एक कलम भेंट कर, साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गांधी दर्शन समिति के ब्लॉक संयोजक गोवर्धन लाल बलाई, इमरान खान पठान, अरुण जी, बसंती लाल जी वैष्णव, हेमराज खटीक, रामकुमार जाट, आबिद मंसूरी, राहुल मेघवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। छात्रा आराध्या के परिवार जनों ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**पारोली से शुरू होकर कोठाज व रोंपा पहुंची रैली, 'जय भीम' के नारों से गूंजा क्षेत्र**

स्मार्ट हलचल | रोंपा/पारोली



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ भव्य रैलियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में समाज को शिक्षित और संगठित करने का संदेश दिया गया।

अध्यापक रामेश्वर लाल रेगर ने बताया कि प्रातः 8 बजे पारोली से रैली का शुभारंभ हुआ, जो कोठाज होते हुए शाम 4 बजे रोंपा पहुंची। रैली में मुकेश रैगर, बाबूलाल मेघवंशी और भीम आर्मी रोंपा अध्यक्ष दिनेश कुमार रैगर सहित वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान 'जय भीम' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभा सम्मान समारोह रहा। समारोह के मुख्य अतिथि और अम्बेडकर विचार मंच कोटड़ी के ब्लॉक अध्यक्ष मेघराज द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बाबा साहेब की तस्वीर व दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयोजन में अध्यापक नंदलाल, ओमप्रकाश सालवी, प्रहलाद सालवी, बाबूलाल रैगर, भागचंद बैरवा, नारायण बैरवा, शंकर लाल अध्यापक, चन्द्रालाल अध्यापक, हंसराज, प्रहलाद, राजवीर एवं रामपाल रैगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाज में शिक्षा एवं समानता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# गर्मी और मेंटेनेंस के चलते 14 ट्रेनें रद्द, 30 से ज्यादा डायवर्ट

**यात्रियों को सफर से पहले स्टेटस चेक करने की सलाह**



स्मार्ट हलचल | जयपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी और रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस कार्यों के चलते रेलवे प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि 30 से अधिक ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। इस फैसले से हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गर्मी के कारण पटरियों पर अतिरिक्त दबाव और सुरक्षा कारणों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कई स्थानों पर ट्रैक मरम्मत कार्य भी जारी है, जिसके चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है।

यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से अपने ट्रेन का स्टेटस जरूर जांच लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली निकाली

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** क्षेत्र में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहीद जगन्नाथ मीणा की स्मारक स्थल पर शहीद जगन्नाथ मीणा एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली को रवाना किया गया। इसके बाद एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जो सिंगोली, धाकड़ खेड़ी व बागीत होते हुए मुख्य समारोह स्थल तक पहुंची। रैली में युवाओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जय भीम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

रैली के पश्चात मुख्य समारोह अंबेडकर सर्किल सिंगोली चारभुजा में आयोजित किया गया। यहां आयोजित प्रतिभावान सम्मान समारोह में क्षेत्र की 40 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं समाज के होनहार व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर सिंगोली प्रशासक राकेश कुमार आर्य, बरुंदनी प्रशासक गजेंद्र कुमार साहू, धाकड़ खेड़ी उप सरपंच प्रकाश सालवी, बरुंदनी पूर्व सरपंच शंकर लाल खटीक, समाजसेवी शैतान सिंह मीणा, रामदयाल रेगर, शंकर लाल मीणा, विनोद सालवी (धाकड़ खेड़ी), धन्ना लाल मीणा, कालू बलाई, राहुल भील, प्यार जी रैगर, सन्नी सालवी, सांवर बैरवा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार जी चावरिया, मुख्य वक्ता मुकेश जी मेघवंशी (हरणी), पूर्व मंडी अध्यक्ष रतनलाल खटीक, एसटी मोर्चा अध्यक्ष शंभू लाल मीणा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कुमार शिव पीथास द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा सभी को शिक्षा, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# गर्मी में मजदूर चौराया पर श्रमिकों को पिलाई शीतल छाछ, किया जागरूक

**उपभोक्ता कल्याण समिति व विश्वास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ संपन्न**

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** शहर के आरसी व्यास कॉलोनी स्थित मजदूर चौराया पर श्रमिकों के लिए छाछ वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को उनके अधिकारों और हितों के प्रति जागरूक भी किया गया। यह आयोजन विश्वास फाउंडेशन और उपभोक्ता कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। विश्वास फाउंडेशन के अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि उपभोक्ता कल्याण समिति के संरक्षक हेमंत कोठारी के सहयोग से छाछ वितरण किया गया। कोठारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखना अत्यंत आवश्यक है और छाछ जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू ने की। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन के महामंत्री सुनील राठी, लादू लाल वैष्णव, अजय शर्मा, सुलक्षणा शर्मा मौजूद रहे। वहीं उपभोक्ता कल्याण समिति से अनिल मेहता, युवा प्रदेशाध्यक्ष सूर्यप्रकाश, महासचिव युवा मोर्चा सचिव नवरत्न बुरड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मजदूरों को छाछ वितरित की गई और उन्हें सामाजिक व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन में सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# रेसला ने किया जिला कलक्टर का अभिनंदन

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ,रेसला उदयपुर की ओर से जिले के नए कलक्टर श्री गौरव अग्रवाल का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

रेसला जिला मंत्री ऋषिकेष डी गामोट के अनुसार शिक्षा विभाग में निदेशक के पद पर रह चुके उदयपुर जिले के नए कलक्टर श्री गौरव अग्रवाल का रेसला की ओर से अपर्णा ओढ़ाकर बुके भेंट कर अभिनन्दन किया।इस अवसर पर जिला कलक्टर द्वारा जिले की वर्तमान शैक्षिक गतिविधियों यथा प्रवेशोत्सव आदि पर चर्चा की गई।

गया । इस अवसर पर रेसला मण्डल उपाध्यक्ष ललित आमेटा, जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार चौबीसा, कोषाध्यक्ष दिनेश डांगी ,प्रतिनिधि मनोज कुमावत, त्रिभुवन चौबीसा आदि उपस्थित रहे।

# विरोधी गुट के भारी हंगामे के बीच स्वामी गोविंद देव गिरी ने माहेश्वरी भवन में किया कृष्ण भवन का लोकार्पण

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर में नवनिर्मित कृष्ण भवन का लोकार्पण समारोह बुधवार को किया गया। इस दौरान भवन में 57 कमरे बनाये गये। जो कि आधुनिक एवं सुविधायुक्त कमरों के साथ एसी हॉल का लोकार्पण राष्ट्रीय संत गोविंद देव गिरी महाराज ने एक समारोह किया।

सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा ने बताया कि बुधवार को प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय संत गोविंददेव गिरी महाराज का स्वागत किया गया। तत्पश्चात यज्ञ पूर्णाहुति, पूजा अर्चना एवं आरती हुई। तथा अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन हुआ साथ ही संत गोविंददेव गिरी महाराज आशीवर्चन दिया। वहीं दूसरी तरफ समारोह के पश्चात विरोधी लोगों के द्वारा भारी हंगामे के बीच पुलिस सुरक्षा के बीच भवन का लोकार्पण किया। नवनिर्मित कृष्ण भवन का लोकार्पण के दौरान समाज के विरोधी गुट के लोगों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद कृष्ण भवन के भामाशाहों का समारोह सम्मान किया गया। सदन के कार्यालय मंत्री मधुसुदन मालू के अनुसार समारोह में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, पूर्व सभापति रामपाल सोनी उपस्थित रहे। विशिष्ठि अतिथि आईएएस श्रीकांत बाल्दी, समाजसेवी सुरेश राठी व ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ के उपाध्यक्ष रामअवतार जाजू थे। सदन के महामंत्री रमेशचंद छापरवाल ने कहा कि समारोह के पश्चात दोपहर क़रीब 1.30 बजे वर्तमान सत्र की प्रबंधकारिणी समिति की 20वीं बैठक भी आयोजित की गई।जिसमें विषय सूची अनुरूप चर्चा कर निर्णय लिया गया। इस समारोह में विरोधी गुट

गुट के लोग कृष्ण भवन के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।प्रदर्शन करने वाले विरोधी गुट के लोगों को सीआई विक्रम सिंह राठौड़ और तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान नेसमझाइय की। लेकिन कोई हल नहीं निकला तो कृष्ण भवन के बाहर से हटाने का आग्रह किया। लेकिन वह वहीं डटे रहे।आखिरकार विरोधी गुट के लोगों ने हंगामा मचाया ओर हंगामे के बीच पुलिस जाप्ते के साथ स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज ने कृष्ण भवन का लोकार्पण किया।लोकार्पण के समय स्वामी जी के सामने ही दोनों गुट के लोग आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को मरने मारने पर उतारू हो गए। वहीं माहेश्वरी समाज के लोगों ने घटना को अंजाम दिया समाज को शर्मसार कर दिया। वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव नहीं कराए जाने पर दूसरे गुट के लोगों में असंतोष बढ़ रखा था और यह असंतोष आखिरकार मैदान ए जंग में उस वक्त तब्दील हो गया जब कृष्ण भवन का स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने जैसे ही लोकार्पण किया और समाज का परिसर अखाड़े में तब्दील हो गया। समाज दो गुटों में जमकर मारपीटी शुरू हो गए ओर एक दूसरे पर जमकर लाते घुसे चलाए ओर जो भी मिला उस पर अपने हाथ साफ करते नजर आए सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात हे कि माहेश्वरी समाज के लोगों ने अपने समाज के बुजुर्गो को भी नहीं बख्शा ओर उनके साथ भी धक्का मुक्की ओर मारपीट कर डाली।चुनाव नहीं करवाने के कारण समाज दो गुटों में बंट रखा था।विरोधी गुट ने अध्यक्ष पर सेवा सदन के विधान का उल्लंघन और मनमाने निर्णय लेने के आरोप लगाए। उनका कहना है कि गत 9 दिसंबर को कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी 14 दिसंबर को साधारण सभा बुलाकर कार्यकाल बढ़ाने सहित कई फैसले लिए गए, जो असंवैधानिक हैं।

इसी वजह से बुधवार को विरोधी गुट के समाजबंधुओं ने सेवा सदन में नवनिर्मित कृष्ण भवन के बाहर धरना ,प्रदर्शन देकर बैठ गए इस दौरान सीआई विक्रमसिंह राठौड़ ओर तहसीलदार इंद्रजीतसिंह ने उनको समझाइश करके हटा लेकिन जैसे ही भवन का लोकार्पण हुआ दोनों गुटों ने मारपीट शुरू कर दी ओर सदन में अफरा तफरी मच गई।दोनों गुटों के लोग एक दूसरे को मरने मारने में उतारू हो गए तथा समाज के बड़े बुजुर्गो को भी उन्होंने नहीं बख्शा ओर उनके साथ भी मारपीट कर धक्का मुक्की कर डाली यही नहीं दोनों गुटों के लोगों एक दूसरे को मारते परिसर के बाहर सड़कों तक पहुंच गए ओर लाठियां तक मारने के लिए हाथों में ले ली इस दौरान तमाशबीन लोगों की भारी भीड़ लग गई समाज के कुछ सभ्य लोगों अन्य समाज के लोगों ओर पुलिस ने बड़ी मुश्किल से दोनों गुटों के लोगों को अलग कर मामला शांत करवाया।विपक्ष के गुट को लोगों ने परिसर के बाहर निकालकर मामला शांत किया।

हीटवेव को लेकर प्रशासन अलर्ट

## आमजन के लिए एडवाइजरी जारी, दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें

स्मार्ट हलचल | उदयपुर




राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और मौसम विभाग की हीटवेव (लू) की चेतावनी को देखते हुए उदयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में आमजन तथा पशुधन को भीषण गर्मी से बचाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले में हीट वेव प्रबंधन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलक्टर ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने और स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विद्युत निगम व पीएचईडी को निर्बाध बिजली-पानी आपूर्ति बनाए रखने तथा स्थानीय निकायों को सार्वजनिक स्थलों पर छाया व पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है।

### प्रशासन की अपील (क्या करें और क्या न करें):

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नियमित रूप से पानी, छाछ, नींबू पानी व ओआरएस का सेवन करें। हल्के व सूती कपड़े पहनें और बाहर निकलते समय सिर अवश्य ढकें। विशेष रूप से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने और भारी शारीरिक श्रम से बचें। चाय, कॉफी, शराब और कोल्ड ड्रिंक्स के सेवन से बचें क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी करते हैं। साथ ही, बच्चों और पालतू जानवरों को कभी भी बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें। स्वास्थ्य बिगड़ने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला रसद अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कोटपूतली-बहरोड़ राशन डीलर संघ ने अपनी विभिन्न समस्याओं और 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला रसद अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष बाबूलाल रावत के नेतृत्व में डीलरों ने प्रवर्तन निरीक्षक पुष्पेंद्र जाट को दिया। डीलरों ने ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी के कारण पीओएस मशीनें अक्सर घंटों बंद रहती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को राशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही गोदाम से पूरा खाद्यान्न आवंटन न मिलने के कारण कई जरूरतमंद परिवार राशन से वंचित रह जाते हैं। उनकी प्रमुख मांगों में नेटवर्क समस्या का समाधान, कोविड-19 के दौरान वितरित सामग्री का बकाया कमीशन, गोदाम से होने वाली 5-10 प्रतिशत की कटौती पर रोक, कांटों का सत्यापन, दुकानों का समानीकरण, अन्नपूर्णा योजना की जमा राशि की वापसी और बढ़े हुए कमीशन का भुगतान शामिल है। प्रवर्तन निरीक्षक पुष्पेंद्र जाट ने डीलरों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नेटवर्क संबंधी समस्या के लिए बीएसएनएल से समन्वय स्थापित किया जाएगा और अन्य मांगों को मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा।

## दो माह के लंबे जीवन-मृत्यु संघर्ष में आखिर जीत गई 900 ग्राम वजन के साथ जन्मी मासूम

### एसएनसीयू में चिकित्सकों के सहयोग से 55 दिनों में जीती जिंदगी की जंग

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़




जिला महिला व बाल चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में करीब दो माह पूर्व जन्मी मात्र 900 ग्राम वजनी बालिका चिकित्सकों के कुशल उपचार व नर्सिंगकर्मियों की मेहनत के चलते जीवनदान मिला है। विशेषज्ञों के अनुसार इतने कम वजन के बच्चे का जीवन बचना किसी चमत्कार से कम नहीं है। लेकिन 55 दिनों की लंबी चिकित्सालय प्रभारी वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयसिंह व नर्सिंग स्टाफ की जद्दोजहद ने लगभग असंभव कार्य सम्भव बनाकर मानवीय जिजीविषा और चिकित्सकों के समर्पण की मिसाल पेश की है।

जानकारी के अनुसार गत 19 फरवरी को डेलवास निवासी हेमलता पत्नी मुकेश कुमार धाकड़ ने गीतांजलि हॉस्पीटल उदयपुर में सीजेरियन प्रीमेच्योर डिलेवरी से 900 ग्राम वजनी एक बालिका को जन्म दिया, जो जन्म से ही फेंफड़ों के अविकसित होने से सांस लेने में तकलीफ की समस्या (आरडीएस), पीलिया, हृदय की पेटेन्ट डक्टस आर्ट्रियोसस नामक बीमारी और बायें पैर की एक अंगूली में गेंगरिन जैसी



समस्याओं के चलते बेहद गंभीर स्थिति में थी। निजी चिकित्सालय का भारी भरकम खर्च सहने में असमर्थ परिजन 26 फरवरी को बालिका को लेकर चित्तौड़गढ़ के महिला व बाल चिकित्सालय में लेकर पहुंचे। जिसे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयसिंह ने बालिका की गंभीर बीमारियों को चुनौती के रुप में लेते हुए उसे एसएनसीयू में भर्ती कर उपचार शुरु किया।

एसएनसीयू में बालिका का प्रारम्भ में रेस्पिरेट्री एवं आयनोट्रोपित सपोर्ट के साथ एंटीबायोटिक्स पर रखा गया एवं एनआईसीयू केयर दी गई। एसएनसीयू स्टाफ की अच्छी और जिम्मेदारी के साथ ही गई देखभाल के चलते धीरे धीरे बालिका जिंदगी की जंग जीतने की दिशा में कदम बढ़ाने लगी। सभी तरह के सपोर्ट सिस्टम से बाहर लाने के बाद यूनिट के सामने सबसे बड़ा चैलेंज बच्ची का न्यूट्रिशन था। पहले बालिका को मां का दूध ओजी ट्यूब द्वारा दिया गया, इसके बाद धीरे धीरे स्तनपान शुरु कराया गया। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में 55 दिन का समय लगा, जिसके बाद बालिका का वजन भी बढ़क़र 1650 ग्राम हो गया। बालिका रेटाइनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) की जांच भी नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई, जो सामान्य पाई गई। इसके बाद बालिका को डिस्चार्ज कर उसकी मां हेमलता को सुपूर्द किया गया। बालिका के जीवन मृत्यु संघर्ष में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयसिंह, नर्सिंग प्रभारी दिनेश सैनी, शाहिद हुसैन, फिदाउल मुस्तफा, दीपिका, अंजलि, निर्मला, बसंती, अंतिम बाला, अभिषेक, शांति आदि का चिकित्सीय योगदान रहा।

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की भव्य शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

### पूर्व मंत्री आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने किया आत्मीय अभिनंदन



स्मार्ट हलचल | निम्बाहेड़ा

निंबाहेड़ा सेन समाज नगर चौखला के तत्वावधान में संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के 726वें जन्मोत्सव पर नगर में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर नजर आया।

गलवार सायं चित्तौड़ी दरवाजा स्थित पुराने हॉस्पिटल के पास शोभायात्रा पहुंचने पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ में विराजित संत श्री सेन जी महाराज के चित्र पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल एवं क्रेता व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना ने माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने सेन समाज को जन्मोत्सव की बधाई दी और समाज की एकता व समरसता की सराहना की।

इस अवसर पर संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, मोहम्मद कुरैशी, दिनेश गुप्ता, रोमी पोरवाल, मुकेश माली, भंवर सिंह शक्तावत, राहुल सेन, शमशू कमर मंसूरी, दिग्वेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, धीरज नगरिया, आशीष अग्रवाल, ललित पंचोली, उदयराम पहाड़िया, शांतिलाल लाडना, राजेश सांड, पंकज शर्मा तथा कांग्रेस कार्यालय प्रभारी जाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महान गणितज्ञ आर्यभट्ट, संत सेन जी महाराज व डॉ. अंबेडकर की जयंती पर भव्य सुंदर कांड पाठ

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

श्री राम सत्संग मंडल धरियावद द्वारा डॉ अंबेडकर, महान गणितज्ञ आर्यभट्ट एवम संत सिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन नया घर गाडारियावास स्थित नवनिर्मित संकट मोचन हनुमान जी मंदिर पर आयोजित किया। आयोजक संत मोहन महाराज व पुजारी उदय लाल के तत्वाधान में मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व लक्ष्मी लाल सुथार द्वारा भव्य राम दरबार की झांकी तैयार की तथा मण्डल के आचार्य चेतन शर्मा एवं ललित आमेटा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा राम दरबार की विशेष पूजा अर्चना करवाई गयी। मंदिर समिति द्वारा सभी मंडल सदस्यों का तिलक एवं उपरणा पहना कर स्वागत किया जिसके पश्चात मण्डल द्वारा भव्य सुंदर कांड पाठ, राम स्तुति, हनुमान चालीसा, का संगीतमय वाचन किया गया साथ ही मुख्य रूप से देवो मे देव हजारो है, कौशल्या के प्यारे राम, रामा रामा रटते रटते, मारा कीर्तन मे रंग



बरसाओ, वीर हनुमाना अति बलवाना इत्यादि भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण हो गया। आयोजन में माधवलाल सुथार, लक्ष्मीनारायण सुथार अरनोद, माँगीलाल सोनी, भेरूलाल चौधरी, जगदीश सेन, अंकित सुथार, कपिल सोनी, अनिल आचार्य, गजानंद कुँवाल, वीर सिंह, भंवर सिंह, रवि वैष्णव, परशुराम मीना, राधेश्याम कीर, किशोरी लाल, हेमेंद्र सिंह एवं सैकड़ों भक्तो की उपस्थिति में भक्तिमय कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में आरती व प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। उपरोक्त जानकरी पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने दी।

## सुविवि शिक्षा संकाय में 16 से अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आगाज

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा 16 एवं 17 अप्रैल को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार का शुभारंभ 16 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे बप्पा रावल गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत रहेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो. गोपीनाथ शर्मा (डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट), प्रो. एस.सी. चौहान (प्रमुख, डी.ई. जी.एस.एन., एनसीईआरटी), प्रो. मदन सिंह राठौड़ (अधिष्ठाता, सामाजिक एवं मानविकी




महाविद्यालय, एमएलएसयू), प्रो. मीरा माथुर (निदेशक एवं अधिष्ठाता, एफएमएस), प्रो. प्रतिभा पांडे (अध्यक्ष, शिक्षा संकाय) तथा डॉ. अल्पना सिंह (विभाग प्रमुख, शिक्षा संकाय) उपस्थित रहेंगे।

उद्घाटन सत्र के पश्चात विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देश-विदेश के शिक्षाविद अपने विचार साझा करेंगे। इस दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में हंगरी, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं गोवा के साथ-साथ भुवनेश्वर, नई दिल्ली, अहमदाबाद, कोटा, देहरादून, पंजाब, अयोध्या, बांसवाड़ा, जयपुर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय एवं हरियाणा सहित विभिन्न स्थानों से शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जो इस आयोजन की व्यापकता और वैश्विक भागीदारी को दर्शाते हैं।

यह सेमिनार शिक्षा के क्षेत्र में नवीन शोध, संवाद और अकादमिक आदान-प्रदान का सशक्त मंच सिद्ध होगा।

## डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण

### गूंजे 'अमर रहें' के नारे, आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर निंबाहेड़ा नगर में कांग्रेसजनों ने उन्हें पूर्ण श्रद्धा व सम्मान के साथ याद किया। मंगलवार सुबह बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 'बाबा साहेब अमर रहें' के गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण को श्रद्धामय बना दिया। वक्ताओं ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर गोपाल आंजना, मनोज पारख, मनोहर सिंह मीणा, बाबूलाल आंजना, मोहम्मद कुरैशी, प्रहलाद जटिया, अहमद हुसैन, दिनेश गुप्ता, रोमी पोरवाल, अरविंद गोयल, मुकेश मेघवाल, ओम प्रकाश शर्मा, आशीष अग्रवाल, मोहम्मद अली मंसूरी, बालकिशन अहीर, शोभाराम जाट, शांतिलाल लाडना, कालू कुमावत, पंकज शर्मा, मांगीलाल किर, विकास धाकड़, विकास संतोषपुरिया, हरिकिशन माली, अजीज खान, प्रहलाद खटीक, राधेश्याम मेघवाल एवं ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर उदयपुर को मिलेगा गौरव, उदयपुर की सिंधु बिनुजीत को जयपुर में मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में अनूठा उदाहरण पेश करने वाली उदयपुर की संभाग स्तरीय बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत को सम्मानित किया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा जारी आदेश के अनुसार जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में गुरुवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पुलिस स्थापना दिवस समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा बिनुजीत को यूनिसेफ व राजस्थान पुलिस के साथ जुड़कर बाल संरक्षण गतिविधियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं को सराहा जाएगा।

### सिंधु बिनुजीत ने जगाई है बाल संरक्षण की अलख

उदयपुर की बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत को सम्मानित किया जाना राजस्थान पुलिस के बदलते स्वरूप और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है। आजादी के बाद से पुलिसिंग में कई बदलाव आए हैं, लेकिन वर्तमान में बाल संरक्षण और महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर पुलिस का ध्यान एक सकारात्मक बदलाव



का संकेत है।

### डूंगरपुर से उदयपुर तक का सफर

सिंधु बिनुजीत की सक्रियता वर्ष 2010 में दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले में उस समय चर्चा में आई, जब उन्होंने बी.टी. कॉटन क्षेत्रों में बच्चों के बाल श्रम और पलायन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए। आदिवासी क्षेत्रों में परंपराओं के खिलाफ जाकर प्रशासन, पुलिस और यूनिसेफ के बीच समन्वय स्थापित कर उन्होंने बाल श्रम की मुख्य समस्या का समाधान निकाला।

### 'वत्सल वार्ता' और 'बाल मित्र थाने' की सफलता

उनके मुख्य कार्यों में केवल जागरूकता ही नहीं, बल्कि पुलिस विभाग के भीतर भी बदलाव लाना शामिल रहा है। उन्होंने पुलिस और बच्चों के बीच आत्मीय संवाद शुरू किया, जिससे बच्चों का पुलिस के प्रति डर खत्म हुआ। पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक और सुरक्षा सखियों को बाल संरक्षण के विषयों पर प्रशिक्षित किया तथा डूंगरपुर में बाल मित्र पुलिस थाना' और 'सुरक्षित विद्यालय' जैसे नवाचारों की शुरुआत की।

### मुख्यमंत्री भी हुई थीं प्रभावित

सिंधु के कार्यों की गूंज तब और तेज हुई जब 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने डूंगरपुर भ्रमण के दौरान इस नवाचार से जुड़ी बालिकाओं से संवाद किया। वे इन नवाचारों से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने इसे पूरे राज्य में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में यह उदयपुर रेंज के सभी जिलों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जिससे हजारों बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुए हैं।

### पूर्व में भी मिल चुकी है पहचान

यद्यपि सिंधु बिनुजीत को वर्ष 2017 में राज्य सरकार द्वारा और विभिन्न समूहों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन उनका निरंतर कार्य और पुलिसिंग में थाना स्तर पर 'बाल मित्र वातावरण' विकसित करने के प्रयासों ने आज उन्हें इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सम्मान का हकदार बनाया है।

# पुलिस लाइन से थानों तक 'मिशन क्लीन' से स्थापना दिवस का आगाज







## सिर्फ कानून की रक्षा नहीं, पर्यावरण की सुरक्षा भी–ब्यावर पुलिस का सराहनीय कदम

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के 77वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज जिले के समस्त पुलिस कार्यालयों, थानों और पुलिस लाइन में 'स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सामूहिक श्रमदान और पर्यावरण संरक्षण अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्वयं झाड़ू थामकर कार्यालय परिसर में सफाई की। वहीं, जिले के सभी थानों और बैरकों में पुलिसकर्मियों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

खेलकूद और सांस्कृतिक उत्सव स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रिजर्व पुलिस लाइन में वॉलीबॉल मैच का रोमांच देखने को मिला। रात्रि में ब्यावर सिटी थाने में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए सांस्कृतिक संध्या और 'बड़ा खाना' आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

16 अप्रैल को होगी भव्य परेड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नोडल अधिकारी श्री भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को मुख्य समारोह में सेरेमोनियल परेड और रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इस अवसर पर मेधावी बच्चों और खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

# राजस्थान पुलिस दिवस पर दौसा में जनजागरूकता की अनूठी पहल

### छात्र-छात्राओं को कराया गया पुलिस कार्यप्रणाली से परिचय



स्मार्ट हलचल

दौसा। राजस्थान पुलिस दिवस (16 अप्रैल) के उपलक्ष्य में जिला दौसा के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस और आमजन के बीच संवाद व विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के तहत स्कूलों के छात्र-छात्राओं का पुलिस थानों में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को थानों की कार्यप्रणाली, विभिन्न शाखाओं, रिकॉर्ड संधारण प्रणाली तथा पुलिस की दैनिक जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। थाना परिसर का निरीक्षण कराते हुए उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका और जनसेवा से जुड़े कार्यों के बारे में भी अवगत कराया गया।

वहीं, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, दौसा द्वारा केंद्रीय विद्यालय दौसा सहित जिले के विभिन्न भीड़भाड़ वाले एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं, छात्राओं एवं आमजन को सुरक्षा और कानून से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं।

अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा राजकोप सिटिजन ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 1091, 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच की पहचान तथा पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के प्रति भी जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं एवं आमजन के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही उन्हें कानून के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से सुरक्षित, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण करना है।

# ज्ञानज्योति विद्यालय में गूंजी अंबेडकर और सावित्रीबाई फुले की गाथा; मेधावी छात्र पुरस्कृत



स्मार्ट हलचल

कनेरा उप तहसील कस्बे के स्वामी विवेकानंद कॉलोनी में संचालित ज्ञानज्योति माध्यमिक विद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। विद्यालय की सुनीता भांभी ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर व महिला शिक्षा को अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाली सावित्रीबाई फुले जयंती पर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारती , अक्षिता, दिव्या, प्रखर, हर्षिता, कमलेश, दिव्या, यशबाला, आदित्य, अभिलाषा, आयुष , भारती धाकड़ ने अपने विचार व्यक्त किये। संस्था प्रधान रामप्रसाद धाकड़ ने डॉ भीमराव अंबेडकर के संघर्ष में एवं विद्वता पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में अभिलाषा धाकड़ प्रथम, दिव्या द्वितीय, आदित्य तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुमन जैन, मोहित मोची, देवाशीष, रत्नेश शर्मा, धर्मेश धाकड़, अंकित वैष्णव, कन्हैयालाल जोगणिया, अंजलि छिपा, तरुणा, रिंकू धाकड, कविता पासी ,कविता टेलर, अनुराधा धाकड़, पूजा छिपा ,आशा, तृप्ति बैरागी,टीना कंवर, इंदिरा बाई ,विद्या देवी सहित भैया बहन उपस्थित थे।

# खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा कमेटी का विस्तार

## बलवंत सिंह बने नए प्रधान

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** राजस्थान खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के पावन पर्व पर ब्यावर स्थित गुरुद्वारे में सिख समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज की एकता और गुरुद्वारे के कुशल प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निम्नलिखित नामों पर मुहर लगाई: प्रधानः बलवंत सिंह, सेक्रेटरीः मनमोहन सिंह हुड्डा, खजांचीः पवनजोत सिंह, वाइस प्रधानः सुखविंदर सिंह सलूजा

### उत्साहपूर्ण स्वागत और भाईचारा

मनोनयन के पश्चात, नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान एक-दूसरे का मुँह मीठा कराकर जीत की बधाई दी गई। पूरा गुरुद्वारा परिसर उत्साह और भाईचारे के जयकारों से गूंज उठा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के स्तंभ माने जाने वाले अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से:

गुरु बच्चन सिंह (बच्चू भाई), गुरचरण सिंह (मक्खन भाई), मनजीत सिंह (लाली), राजपाल सिंह, जगजीत सिंह हुड्डा, लक्ष्मण सिंह हुड्डा, राजेंद्र सिंह हुड्डा, गुरु बच्चन सिंह छाबड़ा, हरजिंदर सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह छाबड़ा, रविंद्र सिंह हुड्डा, राम पंजाबी, गोविंद सिंह मुछ्ल, हरदेव सिंह, हरजीत सिंह, मनी भाई, साहिब सिंह, सोनू सलूजा, कुलवंत सिंह, मोनू सलूजा, मनमोहन सिंह हुड्डा (जेके) और हरजीत सिंह शामिल थे।

संकल्पः नई कार्यकारिणी ने शपथ ली कि वे गुरुद्वारे के विकास और समाज सेवा के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उपस्थित जनसमूह ने भी नई टीम से समाज हित में और अधिक मजबूती से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# ब्यावर में डिजिटल जनगणना 2027 का बिगुल: 16 मई से शुरू होगा महाअभियान

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए जिले में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। सोमवार को पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिले के 20 फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

### प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ

इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जनगणना अधिकारी ब्रह्म लाल जाट एवं उप जिला जनगणना अधिकारी कैलाशचन्द द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स श्री तारा चन्द जांगिड़ एवं श्री नेगी चन्द यादव द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के तकनीकी पहलुओं और डिजिटल एंट्री के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण का चक्रः ये 20 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चार्ज स्तर पर जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

डिजिटल मोडः इस बार पूरी प्रक्रिया कागजी कागजों के बजाय डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी।

आमजन के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ

1 मई से 15 मई स्वगणना आम नागरिक स्वयं 'स्वगणना पोर्टल' पर जाकर अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे।

16 मई से डिजिटल जनगणना का आगाज प्रगणक घर-घर जाकर डिजिटल डिवाइस के माध्यम से डेटा संग्रहण शुरू करेंगे

जिला प्रशासन की अपीलः 'डिजिटल जनगणना देश के भविष्य के नियोजन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनर्स इस पूरी प्रक्रिया की रीढ़ हैं, जो आगे चलकर धरातल पर काम करने वाली टीम को तैयार करेंगे।'

# केंद्रीय विद्यालय की छात्रा हिमांशी राठौड़ ने 83% अंक किऐ प्राप्त

स्मार्ट हलचल|बूंदी



केंद्रीय विद्यालय की छात्रा हिमांशी राठौड़ ने सीबीएसई 10 वी बोर्ड परीक्षा में 83% नम्बर प्राप्त कर सफलता हासिल की। जब हमारे संवाददाता ने हिमांशी राठौड़ से इतने अच्छे अंक प्राप्त करने के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने इसे नियमित पढ़ाई ओर बडी बहनों का सहयोग बताया। हिमांशी ने बताया कि समय-समय पर मेरी बहनों ने मुझे पढाई के समय मेरा होसला बढ़ाया ओर सही मार्ग दर्शन दिया। जिससे मै इतने अच्छे अंक लाने में सफल हो पाई, इसलिए मैं इसका श्रेय मेरी दोनों बहनों उषिका राठौड़ ओर तृप्ति राठौड़ को देती हूं। हिमांशी ने बताया कि वो टेक्निकल लाइन में जाकर एन्जिनियर बनना चाहती है।

# डाटुन्दा सुपर लीग का समापन: वीर तेजा ने रोलेक्स स्टार को हराकर खिताब जीता



स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ क्षेत्र में आयोजित 'डाटुन्दा सुपर लीग' क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। फाइनल मुकाबले में वीर तेजा टीम ने रोलेक्स स्टार को हराकर खिताबी जीत हासिल की। यह मैच वीर तेजा और रोलेक्स स्टार के बीच खेला गया था।

फाइनल मुकाबले में वीर तेजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोलेक्स स्टार की टीम 50 रन ही बना सकी और 34 रनों के अंतर से मैच हार गई।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम वीर तेजा को 41,000 रुपये नकद राशि और एक ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, उपविजेता रही रोलेक्स स्टार को 21,000 रुपये का पुरस्कार मिला।

इस अवसर पर जनसेवक मनोज मीणा, आसाराम मीणा, हरिराम मीणा, पूर्व सरपंच प्रत्याशी राकेश मीणा, भगत सिंह छात्रावास निदेशक हरिराम मीणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# पीसीसी कार्यालय में बाबा साहब की 135वीं जयंती पर भव्य आयोजन

### ब्यावर जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा ने पायलट से की शिष्टाचार भेंट, संगठनात्मक मजबूती पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल|ब्यावर



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

### सामाजिक न्याय के पथ पर चलने का संकल्प

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पायलट ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बाबा साहब के विचार आज भी सबसे सटीक मार्गदर्शक हैं।

कार्यक्रम के दौरान ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल के जिला प्रवक्ता एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर ऋषि लांबा ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर लांबा ने सचिन पायलट से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। पायलट ने जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के उत्साह को सराहा।

### दिग्गज नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति

इस श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस के कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से प्रताप सिंह खाचरियावास (पूर्व मंत्री), सुनील शर्मा (जयपुर शहर जिला अध्यक्ष), ललित तूनवाल (पीसीसी संगठन मंत्री), इमरान कुरैशी (पीसीसी सचिव), सारिका सिंह (प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष)।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब द्वारा दिखाए गए समानता और बंधुत्व के मार्ग पर अडिग रहने का सामूहिक संकल्प लिया।

# टोंक जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि टोंक की आमसभा 28 अप्रैल को

स्मार्ट हलचल|टोंक

जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि टोंक की वार्षिक साधारण सभा का अधिवेशन 28 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे किसान सहकार भवन टोंक में स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय परिसर में रखी गई है जिसमें बैंक के लघुत्तर निकाय के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

टोंक जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि के सचिव रविन्द्र सिंह यादव ने बताया की 1 आमसभा मे बैंक के प्रशासक का बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन पर उद्बोधन 2 गत आमसभा दिनांक 6 मई 2023 की कार्यवाही पर पृष्टि पर विचार 3 गत प्रशासकीय बैठकों में लिए गए निर्णयों की पृष्टि पर विचार 4 आडिट आक्षेप एवं पूर्ति पर विचार 5 बैंक के लाभ हानि खाते एवं संतुलित चित्र पर विचार एवं अनुमोदन 6 स्वीकृत बजट से अधिक हुए व्यय का अनुमोदन एवं आमसभा नहीं होने से वर्ष 2024-25 का बजट पारित नहीं किया गया तदोपरान्त वास्तविक व्यय का अनुमोदन 7 बैंक के स्वीकृत बजट वर्ष 2022-23 व 2023 - 24 की पृष्टि एवं बजट 2024-25 के वास्तविक व्यय की पृष्टि एवं 2025 - 26 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति पर विचार 8 वर्ष 2025 - 26 के लिए विभागीय लेखा परीक्षक अंकेक्षक की नियुक्ति पर विचार 9 अन्य विषय प्रशासक की अनुमति से तथा कोरम के अभाव में बैठक स्थगित की जा सकती है तथा स्थगित आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर एक घंटे बाद आयोजित की जाएगी इस वार्षिक आमसभा में शिवजीलाल जांगिड़, डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, रामनिवास बैरवा, सत्यनारायण माहेश्वरी, बाबूलाल मीणा, धर्म राज प्रजापत, शिवजीलाल गुर्जर, बालूराम जाट, मीनाक्षी जैन, राम राय मीणा, शिशुपाल गुर्जर, सोहनलाल मीणा, बद्रीलाल पांचाल, शरमादेवी मीणा बाबूलाल गुर्जर, सहित कुल 51 सदस्य भाग लेंगे।

# भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ लामबंद हुए पंचायत राज कर्मचारी, ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** जिला परिषद ब्यावर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गोपाल जी मीणा और पंचायत राज कार्मिकों के बीच विवाद गहरा गया है। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ एवं पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने ए.सी.ई.ओ. पर नियम विरुद्ध कार्यवाही करने, अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने और कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

मामला ग्राम पंचायत सेवरिया (जैतारण) से जुड़ा है। आरोप है कि राजस्थान संपर्क पोर्टल की समीक्षा के दौरान तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिस जॉब कार्ड की शिकायत को आधार बनाकर ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक के निलंबन की सिफारिश की गई, वह कार्य 5 मार्च 2026 को ही पूर्ण किया जा चुका था। इसके बावजूद 8 अप्रैल को समीक्षा बैठक में कार्मिकों को निशाना बनाया गया।

### नौकरी खा जाने' की धमकी का आरोप

ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश ने आरोप लगाया कि वार्ता के दौरान ए.सी.ई.ओ. गोपाल मीणा ने मर्यादाओं की सीमा लांघ दी। उन्होंने न केवल अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि कर्मचारी को 'नौकरी खा जाने' की धमकी भी दी। संघ का कहना है कि जिले में निरीक्षण और जांच के नाम पर भय का माहौल पैदा किया जा रहा है और कर्मचारियों पर अवैध वसूली का दबाव बनाया जा रहा है।

### बैठक में लिया गया आंदोलन का निर्णय

ब्यावर में आयोजित संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि निर्दोष कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई या ए.सी.ई.ओ. के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ, तो जिले के समस्त पंचायत कर्मी उग्र आंदोलन करेंगे। जैतारण उपखण्ड अधिकारी को पहले ही इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है और अब उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

### इन पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी:

बैठक में जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश, महामंत्री महेंद्र रिणवा, उपाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष विकास, जैतारण ब्लॉक अध्यक्ष धर्माराम, बदनोर ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मीणा और जिला महिला संयोजक प्रतिभा शर्मा सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

जब कार्य समय पर पूरा हो चुका था, तो निलंबन की सिफारिश क्यों? हम किसी भी साथी का मानसिक और प्रशासनिक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे।'

**प्रवक्ता, ग्राम विकास अधिकारी संघ, ब्यावर**

# घाड़ पुलिस ने 5 अवैध बजरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की

### टोंक में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी

स्मार्ट हलचल



**घाड़ (देवली)।** घाड़ पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत 5 अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मालपुरा) पुष्पेंद्र सिंह और वृत्ताधिकारी (देवली) हेमराज के पर्यवेक्षण में घाड़ थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने 14 अप्रैल, 2026 को तन आमली देवलियां के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की।

घेराबंदी के दौरान, टीम ने बिना परमिट के अवैध बजरी का परिवहन कर रहे 5 बिना नंबर के महिंद्रा ट्रैक्टर मय ट्रॉली को मौके पर पकड़ा। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक अंधेरे और कच्चे रास्ते का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने सभी जब्त वाहनों को घाड़ थाने ले जाकर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

टोंक जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने इस संबंध में बताया कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यालय ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा।

# पंचायतीराज और निकायो के चुनाव टालना लोकतंत्र की हत्या है : भानुप्रताप

स्मार्ट हलचल|सिमलिया



कोटा देहात के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,सिमलिया की अध्यक्ष श्रीमती गीता मेघवाल की अध्यक्षता में आज सिमलिया में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक उत्साह, ऊर्जा और एकजुटता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्यतिथि भानु प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोटा देहात रहे ! प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान को लेकर व्यापक चर्चा की गई। वर्तमान परिस्थितियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठक में किसानो की समस्याओं पर भी चर्चा हुई खरीद केन्द्रों पर हो रही अव्वयस्ताओ पर भी चर्चा की गई! बैठक में सभी साथियों से आह्वान किया गया कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाते हुए आमजन की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। इस अवसर पर विवेक भटनागर, द्रुष्टष्ट कॉर्डिनेटर प्रेरणादायक उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गायत्री मीणा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा,मंडल अध्यक्ष जगदीश मीणा, चमन भाई कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा, , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामकैलाश मेघवाल, पूर्व एस टी ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मीणा आदि वक्ताओं ने संबोधित किया,जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा की हमें कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है,कार्यक्रम मे ग्रामीण क्षेत्र से ब्लॉक के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें इकाई अध्यक्षगण नरेंद्र सैनी, अजय गुर्जर अजीमुद्दीन पठान, दीपक मीणा, केवल राम मेघवाल राजाराम सुमन, प्रदीप गुर्जर, जीतमल सुमन, हेमराज मीणा, अशोक प्रजापती, आकाश मेघवाल, महेंद्र मालव, प्रदेश सचिव आरजीपीआरएस सत्यनारायण मेघवाल, स्टेट कॉर्डिनेटर महेंद्र मेघवाल, हनुमान मीणा, लाल चंद सुमन महावीर मीणा कराड़िया, हेमंत, तनुज, विष्णु राणा,महावीर मेघवाल, हिमांशु मेघवाल, नेमिचंद् मीणा, राजाराम मेरोठा, चंद्रभान लश्करी, ओम खारोल, महावीर मीणा, मोहित गुर्जर मदन मोहन, बलराम बैरवा, हरि ओम मीणा, निरंजन मेघवाल,पवन आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर संगठन और लोकतंत्र को बचाने में ओर पार्टी की विचारधारा को आत्मसात अनुसरण करने पर बल दिया। आयोजित बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता,जिला,ब्लाक,मंडल,अग्रिम संगठन प्रकोष्ठ विभाग,नगर निकाय एवं पंचायत राज के प्रतिनिधि गण व कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं जिले के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कांग्रेसजनों की सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती और एकजुटता का प्रमाण रही। सभी साथियों का हृदय से आभार, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। आइए, हम सभी मिलकर लोकतंत्र, संविधान और जनहित की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें। 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' – यही हमारा संकल्प,यही हमारी शक्ति।

# विद्यार्थियों को निःशुल्क बैग किये वितरित



स्मार्ट हलचल |बानसूर

निकटवर्ती ग्राम हाजीपुर स्थित दीवान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों एवं विद्यालय स्टाफ कें सहयोग से कक्षा 1 से 12 वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला औंर बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठें। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, ताकि किसी भी विद्यार्थी को संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई में परेशानी न हो। उन्होंने भामाशाहों के सहयोग की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'विद्या सबसे बड़ा धन है, जो जीवनभर साथ रहता है, इसलिए सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को हासिल करें।' कार्यक्रम में शिक्षकगण, भामाशाह, ग्रामीण व विधार्थी मौजूद रहें।

# आरजीएचएस विवादः सरकार-अस्पतालों की खींचतान में पिस रहे 15 लाख कर्मचारी

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में आरजीएचएस योजना के ठप होने पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने राज्य सरकार, निजी अस्पतालों और केमिस्टों के बीच जारी विवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की है। महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निजी अस्पतालों में कर्मचारियों के लिए निःशुल्क इलाज और केमिस्ट की दुकानों पर दवाइयों की आपूर्ति तुरंत शुरू नहीं की गई, तो प्रदेश के 15 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स सड़कों पर उतरकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## इलाज ठप होने से गंभीर संकट

महासंघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि बार-बार इलाज बंद होने से प्रदेश के कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवाद के चलते कई गंभीर ऑपरेशन टाल दिए गए हैं। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे लोग बिना इलाज कराए ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं। नरूका ने रोष व्यक्त करते हुए कहा, 'कर्मचारी अपनी मेहनत की कमाई से हर महीने अनिवार्य कटौती करवाता है, इसके बावजूद उसे बुनियादी चिकित्सा सुविधा के लिए भटकना पड़ रहा है। '

## योजना के निजीकरण की आशंका

आपातकालीन बैठक में महासंघ ने आशंका व्यक्त की कि सरकार जानबूझकर ऐसे हालात पैदा कर रही है, ताकि आरजीएचएस योजना का निजीकरण किया जा सके और इसे प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों को सौंपा जा सके। नेताओं ने तर्क दिया कि यह माहौल इसलिए बनाया जा रहा है ताकि बाद में निजी अस्पतालों के असहयोग का बहाना बनाकर योजना का स्वरूप बदला जा सके।

## जल्द होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन का आगाज़

प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ की अनुपस्थिति (मातृ शोक के कारण) में आयोजित इस आपातकालीन बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही प्रदेश महासमिति की बैठक बुलाकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। बैठक में देवेन्द्र सिंह नरूका के साथ राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह यादव, तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह बगतपुरा, राजस्थान रोडवेज संघ महामंत्री बहादुर सिंह राठौड़, वन विभाग से प्रकाश यादव, गवर्नमेंट प्रेस से ओम प्रकाश चौधरी, उच्च शिक्षा विभाग से राहुल यादव, खेल विभाग से शशि शर्मा और वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पप्पू शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# ब्रह्मांडेश्वर गौशाला में ब्राह्मण महासभा का गौपूजन कार्यक्रम सम्पन्न

## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाये -चर्मेश शर्मा

स्मार्ट हलचल| बूंदी



सर्व ब्राह्मण महासभा समिति जिला बूंदी के तत्वावधान में परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यकमों के तहत बुधवार को ब्रह्मांडेश्वर गौशाला बालचंद पाड़ा बूंदी में गौपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने विधिवत गौ माता का पूजन वंदन किया और आरती उतारी। इस अवसर पर शर्मा की ओर से गोपाल योजना के तहत सैकड़ो गौवंश को हरा चारा डाला गया और ब्राह्मण महासभा के पदाशिकारियो ने चचारा गाड़ियों को गौ सेवा के लिये रवाना किया। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि ब्राह्मण बंधुओ द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार पद्धति से भगवान परशुराम की जय जयकार करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच शहर अध्यक्ष अशोक शर्मा सेक्रेटरी, प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा, महामंत्री घनश्याम दुबे, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, सचिव अवधेश शर्मा वित्त मंत्री सुनीतशर्मा, पूर्व उपसभापति संतोष कटारा, लोकेश सुखवाल,मुकेश दाधीच, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष विजय व्यास, अजय त्यागी, घनश्याम खुनेटिया, यतेंद्रशेखर, बंटी गौतम, नीमा दाधीच,मंथन पंचोली,केशव त्रिवेदी,भूपेंद्र शर्मा ने गौमाता की आरती उतारी।

## गौसेवा को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाये

गौपूजन कार्यक्रम के अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिये और पूरे देश में गौवंश के कत्लखाने तत्काल बंद किए जाने चाहिये। शर्मा ने कहा कि हम सभी को गौ सेवा को अपने नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिये।ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दाधीच ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति की धरोहर है। उन्होंने कहा कि हम सभी को गौसेवा का संकल्प लेना चाहिये।

दूसरी और रेत वाली महादेव मंदिर लंका गेट बूंदी पर असहाय व्यक्तियों को भोजन, सेवा कार्य किया गया। एवं ईश्वर से विश्व कल्याण की मंगल कामना की गई। इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष किरण शर्मा अरुंधति दोरा श्री, मीनाक्षी दुबे, स्वाति दाधीच भारती शर्मा, उमा शर्मा, सुनीता शर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र भारद्वाज,सुनित शर्मा, संदीप शर्मा, संतोष कटारा, विजय व्यास, अजयत्यागी, घनश्याम खुनेटिया , संदीप शर्मा, आदि मौजूद रहे। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि कल दिनांक 16 अप्रैल 2026 गुरुवार को त्रिलोकी नाथ महादेव मंदिर पर 12:00 बजे रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके बाद सायंकाल 4:00 बजे वर्तमान समय में वेदों की आवश्यकता मनुस्मृति पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन परशुराम वाटिका जेत सागर रोड बूंदी में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में पंडित महर्षि दाघीच, पंडित घनश्याम शास्त्री, पंडित मांगीलाल शर्मा, पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा, पंडित विष्णु तिवारी, पंडित दीनदयाल शास्त्री, हे रम्म जोशी, पंडित गोविंद जोशी, पंडित गौरव शर्मा अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सावित्री माता रोपवे 15 से 25 अप्रैल तक बंद

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** सावित्री माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जरूरी खबर है। सावित्री माता रोपवे का संचालन 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक बंद रहेगा। इस दौरान रोपवे में वार्षिक मेंटेनेंस और सुरक्षा जांच (ह्ष्ठ') का काम किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल को शाम 4:30 बजे तक रोपवे सेवा चालू रहेगी, इसके बाद 25 अप्रैल तक पूरी तरह संचालन बंद रहेगा। इस अवधि में रोपवे सिस्टम और मशीनों की जांच व मरम्मत की जाएगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

रोपवे प्रबंधन ने बताया कि 26 अप्रैल से सेवा दोबारा शुरू होने की संभावना है।

# गीगची में उत्साह के साथ मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



स्मार्ट हलचल

**नाहरगढ़/बारां।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गीगची में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गीगची से नाहरगढ़ और लकड़ाई तक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं और समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

जुलूस पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां जगह-जगह स्वागत किया गया और 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंज उठा। आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अधिकारी कमल सिंह मय जाप्ते के साथ मौजूद रहे।

मुख्य कार्यक्रम गीगची में सुसज्जित मंच पर आयोजित हुआ, जहां अतिथियों ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा देश को दिए गए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। जिसमें अध्यक्ष नरेन्द्र बैरवा, बालमुकन्द बैरवा, रामदेवा बैरवा, लालचंदबैरवा, दिलखुश, रविन्द्र, गिर्राज, नवल, सुरेन्द्र, जितेंद्र, प्रभुलाल, हजारी लाल, रघुवीर, निहाल, रामसागर, चेतन, अमरलाल, लक्ष्मण आदि ग्राम वासी मौजूद रहे, अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और समाज में समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# पुष्पा त्रिवेदी राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल |उदयपुर



अखिल भारतीय श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज संस्थान द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए उदयपुर की समाजसेवी पुष्पा त्रिवेदी को राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। यह मनोनयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी हृदयानंद महाराज एवं राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र पंड्या की अनुशंसा पर किया गया है। श्रीमती पुष्पा त्रिवेदी लंबे समय से समाज सेवा से जुड़ी हुई हैं और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं महिला उत्थान से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। उनके अनुभव एवं कार्यशैली से समाज को सशक्त दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए त्रिवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

# बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि-गावड़िया

स्मार्ट हलचल |हरसौर



ग्राम पीह में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 'डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच' के तत्वावधान में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों व सर्व समाज ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गत वर्ष बदमाशों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को तोड़ने के बाद से मामला गर्माया हुआ था। अब प्रतिमा लगने के बाद सर्व समाज में उत्साह का माहौल है। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास गावड़िया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के क्रांतिकारी विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का मार्ग दिखाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के महान योद्धा थे। सरपंच अमरचंद जाजड़ा की अगुवाई में ग्रामीणों ने आगंतुक अतिथियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों ने विधिवत फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने 'जय भीम, जय भारत' के नारों के साथ बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

ये रहे मौजूद-कार्यक्रम में वकील अशोक चौहान, बृजकिशोर मेहरड़ा, नरेंद्र जयपाल, ओमप्रकाश कासनिया, महावीर, गोपाल गुर्जर, शिवप्रकाश शर्मा, ब्रजेश खोरवाल, लक्की चावला, महेंद्र खोरवाल, महेश काला, पूनाराम मेघवाल, ओमप्रकाश खोरवाल, सलीम तेली, बीरदीचंद माली, धनराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लैब टेक्नीशियन दिवस पर संविदा व प्लेसमेंट लैब टेक्नीशियनो ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल|बूंदी



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के बूंदी सामान्य चिकित्सालय में कार्यरत लैब टेक्नीशियनो बुधवार को लैब टेक्नीशियन दिवस के दिन काली पट्टी बाधी और कृष्णा लेब में जबरन शामिल करने का विरोध में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। लैब टेक्नीशियन बुधवार को सामान्य चिकित्सालय के सभी काउंटर पर सैंपल लेने के लिए गए तो उन्हें यह निर्देश दिए गए की आपको सिर्फ सैंपल ही लेने हैं और जांच कृष्णा प्राइवेट लिमिटेड निजी लैब में भेजी जाएगी और वहीं पर जांच होगी तो समस्त लैब टेक्नीशियनो ने इस तरह के आदेश का विरोध किया और कहां की जब जांच सामान्य चिकित्सालय के सेंटर में हो रही है तो तो हम इन जाचो का सैंपल बाहर निजी लैब में क्यों भेजेंगे जबकि राजस्थान सरकार का ऐसा कोई आदेश नहीं है जयपुर से की सारे सैंपल कृष्णा लैब में ही भेजे जाएंगे जबकि 13 मार्च 2026 के आदेश में स्पष्ट लिखा हुआ है कि जो जांच सरकारी लैब में पहले की तरह हो रही है वैसे ही सरकारी लैब में ही होगी और अतिरिक्त जांच ही कृष्ण लैब में भेजी जाएगी। 56 प्रकार की जांच जिला चिकित्सालय की सरकारी लैब में ही होगी परंतु जिला चिकित्सालय के सभी सैंपल जांच के लिए कृष्णा लैब मे भेजे जा रहे हैं, सभी लैब टेक्निशियनों ने इसका विरोध कियाबूंदी ज़नाना हॉस्पिटल में कृष्णा लैंब को चलाने के सिर्फ़ 100 बेड का आदेश है जबकि सामान्य चिकित्सालय पंडित ब्रदर्स सुंदर शर्मा में सेंट्रल लैब में खून पेशाब की जाँच को चलाने के लिए 416 बेड हैं ज़बरन सेंट्रल लैब के 416 बेड की जांचों को भी कृष्णा लेब द्वारा किया जा रहा है जो की उचित नहीं है।

# प्रथम सनाढ्य आदिगौड़ सामूहिक निःशुल्क कन्या विवाह महोत्सव 30 से

## दो दिवसीय आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होंगे सभी वैवाहिक संस्कार



स्मार्ट हलचल|कोटा

सामाजिक सरोकारों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आध्या सेवार्थ सोसायटी के तत्वावधान में प्रथम सनाढ्य आदिगौड़ सामूहिक निःशुल्क कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन 30 अप्रैल एवं 1 मई को किया जाएगा। यह आयोजन पहली बार दो दिवसीय स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विवाह से जुड़ी सभी रस्में पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न होंगी। संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का विवाह पूर्णतः निःशुल्क कराया जाएगा, जिससे सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलेगी। सोसायटी की अध्यक्ष शालू शर्मा ने जानकारी दी कि आयोजन में सभी वैवाहिक कार्यक्रम परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुरूप सम्पन्न होंगे।

कोषाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा के अनुसार 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे गणेश पूजन, 11 बजे हल्दी-मेहंदी एवं सायं 5 बजे संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 1 मई को प्रातः 8 बजे निकासी, 10 बजे तोरण, 11 बजे आशीर्वाद समारोह, दोपहर 1 बजे पाणिग्रहण संस्कार तथा 3 बजे विदाई समारोह संपन्न होगा।

मीडिया प्रभारी के के शर्मा 'कमल' ने बताया कि आयोजन को लेकर कार्ड विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश तंकारिया, प्रेम शास्त्री, गजेन्द्र जोशी, प्रमोद शर्मा, महावीर पंचोली सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 69% एनपीए रिकवरी के साथ 383 किसानों को 9.60 करोड़ की राहत

**20-35 साल पुराने कर्ज से मुक्त हुए 383 किसान, 9.60 करोड़ की राहत, पुराने कर्ज का बोझ हटा, सैकड़ों किसानों को मिली नई आर्थिक शुरुआत, जोन में नंबर वन बना भूमि विकास बैंक**

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 के तहत जिले में किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। योजना के अंतर्गत बीते 20 से 35 वर्षों से लंबित बकाया खातों का निस्तारण करते हुए 383 किसानों को कुल 9 करोड़ 60 लाख की राहत प्रदान की गई है, ऋण राहत वसूली में मभूमि विकास बैंक कोटा जोन मे प्रथम आया है।

बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित समीक्षा समिति की बैठक में योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, सदस्य नरसीलाल मीणा, राज्य बैंक प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, लेखाधिकारी, विभिन्न शाखा प्रबंधक, बैंक सचिव ऋतु सपरा एवं सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

## 14.10 करोड़ की कुल वसूली, बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत

अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से 4 करोड़ 50 लाख की नकद वसूली सुनिश्चित हुई है। इस प्रकार राहत और नकद वसूली को मिलाकर कुल 14 करोड़ 10 लाख की वसूली दर्ज की गई है।



एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) के मोर्चे पर भी बैंक ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। 31 मार्च 2025 की स्थिति में 494. 37 लाख के एनपीए ऋणों के विरुद्ध 339.55 लाख की वसूली की गई, जो लगभग 69 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन बैंक की पुनर्प्राप्ति क्षमता और प्रबंधन की दक्षता को दर्शाता है।

अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 110 किसानों को 2 करोड़ 93 लाख का ऋण वितरण किया गया, जिससे कृषि गतिविधियों को मजबूती मिली है।

## किसानों के भरोसे को और मजबूत करेंगे

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि– 'बैंक का उद्देश्य केवल ऋण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। वर्षों पुराने बकाया खातों का समाधान कर हमने किसानों को नई शुरुआत का अवसर दिया है। एनपीए में कमी और वसूली में वृद्धि बैंक के प्रति विश्वास को दर्शाती है। हम राज्य सरकार से योजना की अवधि बढ़ाने का आग्रह करेंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। ' उन्होंने आगे कहा कि बैंक लगातार पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है तथा निकट भविष्य में लाभ की स्थिति में संचालन की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

## भविष्य को लेकर सकारात्मक संकेत

बैठक में विश्वास व्यक्त किया गया कि 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार बैंक लाभ अर्जित करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा चुका है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल किसानों को राहत मिली है, बल्कि बैंक की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है।



# कार्डियोलॉजिस्ट बनकर रखें लोगों के दिलों का ख्याल

**एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। हृदय हमारे शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण आंतरिक अंग है और एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीने के लिए जरूरी है कि आप इसका पूरी तरह ख्याल रखें।**

आमतौर पर लोग अपने दिल का ख्याल रखने के लिए खानपान से लेकर अन्य कई उपाय अपनाते हैं, लेकिन फिर भी कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में व्यक्ति को कार्डियोलॉजिस्ट को कंसल्ट करने की जरूरत पड़ती है। कार्डियोलॉजी चिकित्सा का एक प्रभाग है जो हृदय विकारों से संबंधित निदान और उपचार से संबंधित है। दिल के विकारों से निपटने वाले चिकित्सा चिकित्सकों को आमतौर पर कार्डियोलॉजिस्ट या हृदय रोग विशेषज्ञ कहा जाता है। चिकित्सा विज्ञान की इस शाखा का बेहद महत्व है और अगर आप चाहें तो इस दिशा में अपना कदम बढ़ा सकते हैं-

## क्या होता है काम

एक हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय, धमनियों और नसों का डॉक्टर है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय की विफलता, जन्मजात हृदय दोष और कोरोनरी धमनी रोग का निदान और उपचार प्रदान करते हैं। इसमें धमनियों के संकीर्ण होने, हृदय के वाल्व में समस्याएं, मांसपेशियों के ऊतकों को नुकसान और पेरिकार्डियम के विकार के कारण प्रतिबंधित परिसंचरण के कारण होने वाली समस्याएं शामिल हैं।

## स्किल्स

एजुकेशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए अनुशासन, धैर्य, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास का होना भी उतना ही आवश्यक है। उनके पास जीवन की खतरनाक स्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। कैरियर कोच कहते हैं कि हृदय रोग विशेषज्ञ को भी आहार और व्यायाम विशेषज्ञ भी होना चाहिए।

## योग्यता

एक कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमबीबीएस की डिग्री के अलावा कई सालों की प्रैक्टिस, लाइसेंस व बोर्ड सर्टिफिकेशन होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमडी/एमएस या डीएनबी की डिग्री लेने के बाद इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन के लिए डीएम इन कार्डियोलॉजी की डिग्री लेनी होगी। इस डिग्री की अवधि लगभग तीन साल की होती है।

## अवसर

कॅरियर काउंसलर के अनुसार, एक प्रोफेशनल कार्डियोलॉजिस्ट के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल में बतौर डॉक्टर काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप कार्डियक रिहैबिलेशन सेंटर या क्लीनिक टेस्टिंग सेंटर्स में भी काम कर सकते हैं। वहीं आप खुद की प्रैक्टिस भी शुरू कर सकते हैं और खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं। जो कार्डियोलॉजिस्ट पढ़ाना पसंद करते हैं, वे मेडिकल कॉलेजों में बतौर लेक्चरर भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

## आमदनी

एक कार्डियोलॉजिस्ट की आमदनी उसके अनुभव व भौगोलिक स्थान पर मुख्य रूप से निर्धारित होती है। जो कार्डियोलॉजिस्ट शहर में काम करते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सैलरी मिलती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी का स्तर कम हो सकता है। हालांकि अगर आप किसी सरकारी अस्पताल में बतौर फ्रेशर काम शुरू करते हैं, तब भी शुरूआती दौर में आप 25000 रूपए आसानी से कमा सकते हैं। जबकि निजी अस्पतालों में वेतन अधिक हो सकता है। वहीं कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आपकी आमदनी लाखों में हो सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- गोविंद वल्लभ पंत इंस्टीट्यूटी ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- रविन्द्रनाथ टैगोर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंस, कोलकाता
- मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, नई दिल्ली
- आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज, पुणे
- संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनऊ




# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कॅरियर कैसे बनाएं? कोर्स, जॉब और सैलरी

**फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।**

फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

## कोर्स

फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12पद्ध में साइंस होनी जरूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है। इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

## कहां मिलेगी नौकरी

इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है। वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि ?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

## सैलरी

योग्यता के आधार पर आपको शुरुआत में 20-50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।



# विदेशों में स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

विदेशों से हायर एजुकेशन प्राप्त करना कई लोगों की टू-डू लिस्ट में शामिल होता है। कई लोग इसे प्राप्त कर लेते हैं और कई लोग इसे प्राप्त करने से वंचित भी रह जाते हैं। विदेशों से हायर एजुकेशन की पढ़ाई करने पर जीवन में कई अवसर मिलते हैं। हालांकि हायर एजुकेशन जितने बेहतर अवसर देता है उतना ही खर्चीला भी है। विदेशों में पढ़ाई करने के लिए एक बेहतर प्लानिंग की आवश्यकता तो होते ही है साथ ही आवश्यकता होती है नॉलेज की। उसी नॉलेज और प्लानिंग में से एक है स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना। जब स्कॉलरशिप की बात आती है तो हमें कई बातों को ध्यान में रखना पड़ता है। आइए जानते हैं कुछ महत्वपूर्ण बातों को जिन्हें स्कॉलरशिप प्राप्त करने से पहले ध्यान में रखना पड़ता है।

## स्ट्रांग प्रोफाइल बनाएं

हालांकि स्कॉलरशिप के लिए एकेडमिक स्ट्रेन्थ आवश्यक है। अगर मास्टर्स करने का आप प्लान बना रहे हैं तो आपका जीपीए 7.0 से अधिक है तो स्कोर बेहतर माना जाता है। लेकिन केवल इतना ही आवश्यक नहीं है। स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग होना चाहिए। इसके लिए आप इसमें एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी जैसे स्पोर्टस, म्यूजिक, ड्रामा इत्यादि की डिटेल जरूर लिखें। इससे आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग बनेगा।

## यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप से आगे बढ़कर सोचें

ध्यान रखें कि विदेशों में पढ़ने के लिए केवल यूनिवर्सिटी ही नहीं बल्कि कई संस्था स्कॉलरशिप प्रदान करती है। ये स्कॉलरशिप सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट संस्थाओं द्वारा भी दिया जाता है। अगर आप भारत में हैं तो कई संस्था जैसे टाटा आपको विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप देगी। इसके साथ ही अगर आप विदेश में हैं तो वो देश भी विदेशों छात्रों के लिए कई स्कॉलरशिप प्लान पर कार्य करता है। इन स्कॉलरशिप के बारे में दोनें देशों के एजुकेशन डिपार्टमेंट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## कोर्स से पहले कर दें अप्लाई

आप जो कोर्स करना चाहते हैं उसके शुरू होने से 18 महीने पहले आप अप्लाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि आवेदन करने के बाद डॉक्यूमेंट सबमिशन और वेरिफिकेशन में काफी वक्त लगता है। ऐसे में आपको समय पर स्कॉलरशिप भी मिल जाएगा और कोर्स में भी कोई समस्या नहीं होगी।

## एप्लीकेशन का कराएं रिव्यू

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद यह सबसे बेहतर आइडिया है कि उसका रिव्यू करा लिया जाए। रिव्यू कराने से एप्लीकेशन की कमियां सामने आएगी और उसके बाद सुधार किया जा सकेगा। अपना एप्लीकेशन और डॉक्यूमेंट लें और उसे किसी प्रोफेशनल के पास ले जाएं। ये प्रोफेशनल आपके शिक्षक या कोई अन्य एक्सपर्ट भी हो सकते हैं। इससे आपको रिव्यू मिलेगा और आप एप्लीकेशन में सुधार कर पाएंगे।

## अधिक से अधिक रियल रहने का प्रयास करें

जब एप्लीकेशन लिखे तो ज्यादा से ज्यादा रियल रहने का प्रयास करें। यूनिवर्सिटी में आप खुद को निखारने और खुद को बेहतर बनाने के लिए जाते हैं इसी कारण एप्लीकेशन में खुद को ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर ना लिखें। जो हैं वह ईमानदारी के साथ लिखें और अपने स्किल, पैशन और इंटरेस्ट आदि के विषय में लिखें।





# पेंट टेक्नोलॉजिस्ट बनकर कॅरियर को दें एक रंगीन दिशा

**एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग-अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। रंगों का जीवन से एक गहरा नाता है। रंगों के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कपड़ों से लेकर घर तक हर जगह तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आपने कभी इन्हीं रंगों में अपना करियर बनाने की सोची है। अगर नहीं, तो अब आप इस क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। जी हां, पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा ही क्षेत्र है। अगर आप भी चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सफल भविष्य बना सकते हैं। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में**

## क्या है पेंट टेक्नोलॉजी

पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें पेंट बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न इंग्रीडिएंट जैसे रॉल, पॉलिमर व पिगमेंट आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है। पेंट टेक्नोलॉजी में, विभिन्न प्रकार के पेंट, उनके निर्माण, विभिन्न प्रकार के पेंट के उपयोग और पेंट के अनुप्रयोग के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों के बारे में अध्ययन किया जाता है। इस विषय क्षेत्र में स्नातक करने वालों को पेंट टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है।

## क्या होता है काम

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग-अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। उनके काम में पेंट के नए रंग और बनावट विकसित करना, पेंट एप्लीकेशन के लिए नई तकनीक को विकसित करना आदि शामिल हैं। सरल भाषा में, वे नए उत्पादों को विकसित करने के साथ-साथ उन उत्पादों के गुणों को बढ़ाने और उन्नत करने के लिए जिम्मेदार हैं जो पहले से ही विकसित किए गए हैं।

## पर्सनल स्किल्स

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को रंगों से बेहद प्यार होना चाहिए। साथ ही उसमें कई तरह के एक्सपेरिमेंटल स्किल्स भी होने चाहिए, ताकि वह नए रंगों के साथ-साथ उनके टेक्टचर को भी बेहतर बना सके। एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को मेहनती होना चाहिए। इसके अलावा, आपमें अच्छी संचार कौशल और टीम भावना होनी चाहिए, क्योंकि आपको इस उद्योग में अन्य पेशेवरों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होगी। साथ ही विभिन्न विभागों में टीमों का नेतृत्व करने के लिए पेंट टेक्नोलॉजिस्ट में प्रबंधकीय कौशल भी आवश्यक है।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपको बीटेक इन पेंट टेक्नोलॉजी करना होगा। बीटेक के बाद आप एमटेक कर सकते हैं। अधिकांश संस्थानों द्वारा पेंट इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को केमिकल इंजीनियरिंग में एक विषय के रूप में भी पेश किया जाता है।

## संभावनाएं

पेंट उद्योग के विभिन्न विभागों में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वे पेंट निर्माण कंपनियों के किसी भी विभाग में काम पा सकते हैं। पेंट उद्योग मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट उद्योग पर निर्भर है। कई बड़ी-बड़ी पेंट मैन्युफैक्चिरिंग कंपनियों जैसे एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड, शालीमार पेंट्स, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड, नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड आदि में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की हमेशा ही जरूरत होती है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, होम फर्निशिंग इंडस्ट्री आदि में भी कार्य कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में वेतन आपके अनुभव और उस सेक्टर पर निर्भर करता है, जिसके लिए आप काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र में शुरुआत करने वाले व्यक्ति प्रारंभ में 1,25000 रूपए से 2,00000 रूपए प्रति वर्ष कमा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ काम कर रहे हैं तो आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है। वहीं, अनुभव बढ़ने के साथ-साथ आपका वेतन भी बढ़ता जाता है।

### प्रमुख संस्थान

हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर
यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, जलगांव, महाराष्ट्र
गार्वेयर इंस्टीट्यूट ऑफ कॅरियर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट, सांताक्रूज, महाराष्ट्र
लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नागपुर



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com